प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



जनरल थिमैया के बहाने भाजपा ने राहुल को दिखाया आईना पेज- 2

ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 47 | गुरुवार 05 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## राज्यसभा में भड़के विपक्ष के नेता खरगे

### कहा, भारत-यूएस डील की जानकारी ट्रंप से मिलना संसद का अपमान

(एजेंसी) नई दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की पृष्ठभूमि में बुधवार को सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों के साथ समझौता किया है। उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उन्होंने भारत–अमेरिका समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से किसान विरोधी है और इससे भारतीय किसान तबाह हो जाएंगे। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि संसद का सत्र चल रहा है लेकिन सांसदों को इस समझौते की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिली। खरगे ने इसे संसद का अपमान बताया। खरगे ने कहा कि समझौते के संबंध में अमेरिका के कृषि मंत्री ने कहा है कि इस समझौते से अमेरिकी किसानों को फायदा होगा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही थी, लेकिन वह वास्तव में किसानों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने हाल में ट्रंप द्वारा की गयी विभिन्न टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। कांग्रेस



अध्यक्ष खरगे ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल करार देते हुए कहा कि भारत के पड़ोसी देश नेपाल और चीन आपस में मिल रहे हैं और नेपाल विभिन्न स्थानों को अपना बता रहा है वहीं चीन भी कुछ क्षेत्रों पर अपना दावा कर रहा है। उन्होंने कहा कि 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान करीब आ रहे हैं तथा बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे हैं लेकिन सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। खरगे ने गुजरात के बंदरगाहों पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए जाने का भी मुद्दा उठाया और कहा कि गुजरात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह का गृह प्रदेश है, फिर भी वहां एक उद्योगपति के बंदरगाहों पर इतनी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए जा रहे हैं। खरगे ने सामाजिक न्याय, अर्थव्यवस्था समेत कई अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने महिला सशक्तीकरण को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 6062 शब्दों को अभिभाषण तैयार किया है लेकिन कई अहम सवालों पर अभिभाषण मौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय के ताने–बाने को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में महिला सशक्तीकरण पर बात हुई, लेकिन सच यह है कि महिलाएं भाजपा के लिए केवल वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई महिलाओं का नेतृत्व आगे लाना चाहते हैं, तो महिला आरक्षण विधेयक पारित करते समय जनगणना के नाम पर शर्तें नहीं रखते। उन्होंने यह विधेयक लागू करने की मांग की। खरगे ने कहा कि सौ साल पहले जब महिलाओं को वोट का अधिकार भी नहीं था, तब कांग्रेस ने अपनी पार्टी की नेता सरोजनी नायडू को अध्यक्ष चुना। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने के भी साठ साल पूरे हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसी महिला को अब तक अध्यक्ष नहीं बनाया है, आरएसएस ने भी सौ साल में किसी महिला को अपना नेतृत्व नहीं सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमजोर तबकों, खासकर आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति (एससी–एसटी) समुदाय के आर्थिक विकास के लिए कई कदम उठाए गए। खरगे ने सांप्रदायिक सौहार्द और सहिष्णुता के मुद्दे पर भी सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने श्मोहम्मद दीपकश नाम रखने वाले एक व्यक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सामाजिक सद्भावना के लिए खड़ा हुआ, उसके खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में अब झगड़ा सुलझाने वालों को ही धमकाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा कानून के स्थान पर लाए गए नए कानून का भी विरोध किया और उसे मूल स्वरूप में फिर से लागू करने की मांग की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की पृष्ठभूमि में बुधवार को सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों के साथ समझौता किया है। उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उन्होंने भारत–अमेरिका समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से किसान विरोधी है और इससे भारतीय किसान तबाह हो जाएंगे।

## सरकार डरी हुई है, इसलिए राहुल गांधी को बोलने नहीं दे रही : प्रियंका गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को दावा किया कि सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रही है क्योंकि वह इस बात को लेकर डरी हुई है कि चीन के साथ सैन्य तनाव के समय की उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी। राहुल गांधी ने सोमवार और मंगलवार को लोकसभा में, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित लेख का हवाला देते हुए चीन से संबंधित मुद्दा उठाने का प्रयास किया था, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। हालांकि, उन्होंने मंगलवार को इस लेख को सत्यापित किया और सदन के पटल पर रखा। इस विषय और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर सदन में गतिरोध बना हुआ है। प्रियंका ने यहां संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, हर सत्र में विपक्ष के सांसदों को निलंबित किया जा रहा है, इसमें कोई नयी बात नहीं रह गई है। राहुल गांधी जी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध एक स्रोत से कुछ उद्धृत कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद ही संजय बारू जी की पुस्तक को उद्धृत किया है। सत्ता पक्ष के लोग खुद कभी पत्रिका, तो कभी किताब के अंश को संसद में उद्धृत करते रहे हैं। संसद लोकतंत्र का मंदिर है, देश के हर नागरिक की इस पर आस्था है। इसलिए हमें इसके अंदर जरूरी मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कि संसद में चीन, पाकिस्तान और विदेश नीति से जुड़े जरूरी मुद्दों पर चर्चा होती रही है तथा यही हमारी परंपरा रही है। प्रियंका गांधी ने दावा



किया, असलियत में मोदी सरकार डर गई है कि उनकी सच्चाई देश के सामने आ जाएगी, इसलिए वे किताब को प्रकाशित भी नहीं होने दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, नरवणे जी की किताब में लिखा है कि जब चीन की सेना हमारी सीमा पर थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सरकार के शीर्ष नेतृत्व की क्या प्रतिक्रिया थी। उन्होंने दावा किया, वहीं, दूसरी तरफ एप्स्टीन फाइल सामने आ रही हैं, जिससे मोदी सरकार के तार जुड़ रहे हैं। प्रियंका ने कहा, अब तो ये सारे सत्यापित दस्तावेज हैं। अब अगर सदन में इन चीजों पर चर्चा नहीं होगी, तो किस पर होगी।

## संसद परिसर में तीखी नोकझोंक, राहुल गांधी ने मंत्री रवनीत बिट्टू को बताया गद्दार

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत



सिंह बिट्टू के बीच नोकझोंक देखने को मिली जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें गद्दार कहकर संबोधित किया और उसके जवाब में बिट्टू ने कांग्रेस नेताओं को देश के दुश्मन बताया। यह घटना संसद के मकर द्वार के निकट घटी, जब वहां वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस के नेता रह चुके बिट्टू संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे और वह टिप्पणी करते सुने गए कि ये (प्रदर्शन कर रहे सांसद) जंग जीतकर आए हैं। इस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है...मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आ जाओ। इस पर बिट्टू ने कहा कि ये देश के दुश्मन हैं। राहुल गांधी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बिट्टू से हाथ मिलाने का प्रयास किया, हालांकि भाजपा नेता ने हाथ नहीं मिलाया और सीधे संसद भवन के अंदर चले गए।

## सोने-चांदी की कीमतों में तेजी के बीच सरकार ने बदले इंपोर्ट नियम

(एजेंसी) नई दिल्ली। सोने–चांदी की कीमतों में बुधवार को एक बार फिर तेजी देखने को मिली। इसी बीच सरकार ने इन कीमती धातुओं के आयात को लेकर बड़ी राहत दी है। सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर कस्टम ड्यूटी की गणना के लिए इस्तेमाल होने वाले बेस इंपोर्ट प्राइस (आधार आयात मूल्य) में कटौती कर दी है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन काम करने वाले सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर के करीब बनी हुई हैं। सरकार के इस कदम से आयातकों पर कस्टम ड्यूटी का बोझ कुछ हद तक कम होगा। सीबीआईसी के मुताबिक, सोने का बेस इंपोर्ट प्राइस 49 डॉलर प्रति 10 ग्राम घटाकर 1,518 डॉलर कर दिया गया है। वहीं, चांदी के बेस इंपोर्ट प्राइस में 870 डॉलर प्रति किलोग्राम की कटौती की गई है, जिसके बाद यह 2,675 डॉलर प्रति किलोग्राम हो गया है। नई दरें तय टैरिफ हेडिंग्स के तहत किसी भी रूप में आयात किए जाने वाले सोने और चांदी पर लागू होंगी। इस कटौती का लाभ हाई–प्योरिटी गोल्ड बार और कॉइन, साथ ही सिल्वर बुलियन और मेडेलियन पर मिलेगा। हालांकि, गहनों, कीमती धातुओं से बनी अन्य वस्तुओं और पोस्ट, कूरियर या बैगेज के जरिए होने वाले आयात पर यह राहत लागू नहीं होगी। भारत इस समय दुनिया में सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जबकि चांदी के मामले में भारत सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। देश में सोने की लगभग पूरी मांग आयात से पूरी होती है, वहीं चांदी की 80 प्रतिशत से अधिक जरूरतें भी विदेशी आपूर्ति पर निर्भर हैं। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल भारत ने अपने कुल विदेशी मुद्रा भंडार का करीब दसवां हिस्सा सोना और चांदी के आयात पर खर्च किया था। अनुमान है कि 2026 तक यह इंपोर्ट बिल और बढ़ सकता है।

## लोकसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच तीसरे दिन भी गतिरोध बरकरार, कार्यवाही 5 बजे तक स्थगित, निशिकांत ने कांग्रेस पर लगाया बड़ा आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के भारी हंगामे के कारण आज तीसरे दिन भी कामकाज नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही पांच बजे तक स्थगित कर दी गयी। दो बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गये। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नटी ने हंगामे के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा को आगे बढाते हुये तेलुगु देशम पार्टी के जीएम हरीश बालयोगी का नाम पुकारा। बालयोगी ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सुधारों से भरा हुआ है। यह विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला है। इसमें 25 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही गयी है। निजी सुरक्षा और उत्तरदायित्व के साथ हम आगे बढ रहे है। अटल टिकरिंग के लिए अधिक धनराशि के आवंटन से नवाचार को बढावा मिलेगा। छात्राओं की शिक्षा को बढावा देने के लिए हर जिले में एक हास्टल खोलने का प्रस्ताव किया गया है। भाजपा के निशिकांत दुबे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए कांग्रेस पर सीधा प्रहार किया और कुछ किताबों के हवाले से आलोचना करने लगे। हालांकि इस बीच पीठासीन अधिकारी लगातार किताब के हवाले से बात करने से रोकते रहे। इस बीच हंगामा तेज हो गया जिसके कारण सदन की कार्यवाही पांच बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के सदस्यों ने कांग्रेस के आठ सदस्यों के बजट सत्र के लिए निलंबन के विरोध में बुधवार को जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही पांच मिनट के भीतर ही 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए खाद्य प्रसंस्करण और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित सवालों पर सदस्यों के जवाब विभाग के मंत्री से देने को कहा। इस बीच विपक्ष के सदस्य



सदन की बीचों–बीच आकर हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामे में ही प्रश्न काल को चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा और तेज कर दिया। इस बीच कुछ सदस्यों ने प्रश्न पूछे और उनका जवाब भी आया लेकिन हंगामे और शोर शराबे के कारण कुछ सुनाई नहीं दिया। हंगामा बढ़ते देख बिरला ने सदस्यों से कहा कि उन्हें सदन के अंदर अच्छा आचरण और व्यवहार करना चाहिए। उनका कहना था कि सदन चलाना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने आग्रह कि सदन सबका है इसलिए सदस्यों को गरिमापूर्ण व्यवहार करते हुए सदन चलाने में मदद करनी चाहिए। सदस्यों ने उनकी एक नहीं सुनी और हंगामा करते रहे, जिसके कारण श्री बिरला को 12 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही पुनः बारह बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने पूर्व सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को उद्धृत करते हुए नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के सदस्य अपने–अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरशराबा और नारेबाजी करने लगे। उनके हाथ में बड़े–बड़े बैनर भी थे। विपक्षी सदस्य प्रधानमंत्री का नाम लेकर नारे लगा रहे थे। कई विपक्षी सदस्य बैनर के साथ आसन के समक्ष आ गये थे। बैनरों पर प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज मुकुन्द नरवणे के चित्र थे। समाजवादी पार्टी के सदस्य अहिल्या बाई होल्कर का चित्र लेकर वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर उनकी प्रतिमा कथित रूप से खंडित किये जाने का विरोध कर रहे थे। विपक्ष ने इन मुद्दों पर मंगलवार को भी हंगामा किया था। श्री गोयल का वक्तव्य पूरा होने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने शोरशराबा कर रहे सदस्यों से कहा कि उनके इस आचरण से लोगों का लोकतंत्र में भरोसा कम होगा। उनका विरोध करने का यह तरीका कतई उचित नहीं है। सदन नियमों–प्रक्रियाओं से चलता है। सदन में पहले भी विरोध हुआ है, लेकिन इस तरह मर्यादायें नहीं तोड़ी गयीं। श्री बिरला ने कहा कि वैचारिक मतभेदों के कारण विरोध होते हैं, लेकिन इस तरह से सदन की गरिमा और मर्यादा का हनन नहीं किया जाता। यह सदन सभी का है और सभी सदस्यों की जिम्मेदारी इसकी गरिमा को बनाये रखने की है। सदन का इस तरह अपमान करना उचित नहीं है।

## नयी अमेरिकी शुल्क नीति भारतीय किसानों के लिए चिंता का विषय : शरद पवार

(एजेंसी) मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार ने बुधवार को कहा कि नयी अमेरिकी शुल्क नीति में भारत में कृषि उत्पादों के निर्यात की अनुमति देने वाले प्रावधान शामिल हैं, जो भारतीय किसानों के लिए चिंता का एक विषय है। शरद पवार ने बारामती में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत–अमेरिका के हालिया व्यापार समझौते की स्पष्ट तस्वीर अगले दो दिनों में सामने आ जाएगी। राज्यसभा सदस्य पवार ने कहा, तस्वीर साफ होने के बाद ही हम कुछ कह सकते हैं। हालांकि, अमेरिका द्वारा घोषित भारत–अमेरिका शुल्क समझौते में एक प्रावधान है जो भारत में कृषि निर्यात करने की इजाजत देता है, जो भारतीय किसानों और घरेलू कृषि क्षेत्र के लिए चिंता की बात है। उन्होंने कहा, अमेरिका एक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है और वहां से बड़े पैमाने पर कृषि निर्यात अन्य देशों के स्थानीय उत्पादकों को नुकसान पहुंचा सकता है। मुझे उम्मीद है कि भारतीय कृषि क्षेत्र की रक्षा की जाएगी..। इसबीच अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सीधे बात की। दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत न केवल रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने के लिए भी प्रतिबद्ध है। संभवतः वेनेजुएला से भी जिससे हमें पता है कि अब अमेरिका



और अमेरिकी जनता को सीधा लाभ होगा।श् उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 500 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है जिसमें परिवहन, ऊर्जा एवं कृषि उत्पाद भी शामिल हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप की बदौलत यह एक और शानदार व्यापार समझौता है।

## राहुल गांधी के गद्दार तंज पर बीजेपी का पलटवार, सिख नेताओं ने घेरा कहा- राहुल गांधी ने हमेशा अपमान किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसद परिसर में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच हुई तीखी नोकझोंक अब राजनीतिक तूफान बन चुकी है। राहुल गांधी ने प्रदर्शन के दौरान बिट्टू को मेरे गद्दार दोस्त कहकर संबोधित किया और मजाकिया अंदाज में हाथ मिलाने की कोशिश की, साथ ही कहा कि वे वापस कांग्रेस में लौट आएंगे। बिट्टू ने हाथ मिलाने से इनकार कर दिया और पलटवार में राहुल को ष्देश का दुश्मन करार दिया। इस घटना के बाद बीजेपी ने अपनी सिख नेताओं की पूरी ताकत झोंक दी। पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ष्गद्दारष जैसे शब्द का इस्तेमाल बेहद गंभीर है, क्योंकि इसका मतलब देश के साथ विश्वासघात करने वाला होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल सिर्फ इसलिए नाराज हैं क्योंकि बिट्टू ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन की। पुरी ने कहा, एक पगड़ी पहनने वाले शख्स के पार्टी छोड़ने पर उसे गद्दार कहना अस्वीकार्य है। संसद में और बाहर चर्चा शालीनता से होनी चाहिए। उन्होंने बिट्टू के परिवार के बलिदान का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे बयान सिख समुदाय के लिए अपमानजनक हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राहुल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सिखों के प्रति नफरत रखते हैं। कभी उन्हें आतंकी बताते हैं, तो कभी देश बांटने वाला। सिरसा ने 1984 के दंगों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने सिखों के गले में टायर डालकर आग लगाने का काम किया और अखबारों में इश्तहार देकर उन्हें आतंकी बताया। उन्होंने कहा, असली गद्दार गांधी परिवार है, जो सिखों के खिलाफ जहर फैलाता रहा है। पूर्व कांग्रेस नेता और बीजेपी के अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि सिख समुदाय में राहुल के बयान से भारी आक्रोश है। उन्होंने पूछा, जिस व्यक्ति के दादा ने देश के लिए प्राण त्याग दिए, वो कैसे गद्दार हो गया? लवली ने आरोप लगाया कि राहुल पहले भी सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते रहे हैं और अब समुदाय उन्हें माफ नहीं करेगा। यह विवाद तब और गहरा गया जब बीजेपी ने इसे सिख समुदाय के खिलाफ कांग्रेस की पुरानी सोच से जोड़ दिया। बिट्टू, जो पहले कांग्रेस में थे और अब बीजेपी में केंद्रीय मंत्री हैं, के परिवार का इतिहास देशभक्ति से जुड़ा है। इस मामले ने राजनीतिक गलियारों में तीखी बहस छेड़ दी है, जहां बीजेपी सिख नेताओं को आगे करके राहुल गांधी को घेर रही है।

# सम्पादकीय

## मणिपुर में नई सरकार के गठन की आहट

मणिपुर में हिंसा के बाद एक साल से चल रहा राष्ट्रपति शासन अब खत्म होने जा रहा है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पिछले साल फरवरी में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद हिंसाग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। अब मणिपुर में नई सरकार बनने जा रही है। युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसी क्रम में बीते दिनों युमनाम खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया है। युमनाम खेमचंद सिंह एन बीरेन सिंह की सरकार में मंत्री भी थे। वो 2017 और 2022 में मणिपुर के सिंगजामेई सीट से विधायक बने थे। बता दें कि युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर विधानसभा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। युमनाम खेमचंद सिंह की गिनती मणिपुर के एक अनुभवी और कद्दावर नेता के रूप में होती है। एन बीरेन सिंह की सरकार में उनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी थी. विधानसभा स्पीकर के रूप में उनके निष्पक्ष कार्यशैली की चर्चा रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के बुलाने पर भाजपा और सहयोगी दलों के सभी विधायक दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। सूत्रों के जल्दी ही उनकी मुलाकात पार्टी के शीर्ष नेताओं से होगी। इनमें गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। कहा जा रहा है कि इसके बाद राज्य के राज्यपाल से मिल कर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी के अनुसार भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हालांकि, भाजपा ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि विधायक दल की बैठक कब होगी। भाजपा के वरिष्ठ केंद्रीय नेता जल्द ही नई दिल्ली में मणिपुर के अपने और एनडीए सहयोगी दलों के विधायकों के साथ राज्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जैसा कि उल्लेखनीय है कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के बड़ी संख्या में विधायक पहले ही नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह और मणिपुर भाजपा अध्यक्ष अधिकारीमयूम शारदा देवी भी विधायकों के साथ हैं। गौरतलब है कि पिछले साल फ़रवरी में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफ़े के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। पिछले साल अगस्त में इसे छह महीने के लिए और बढ़ा दिया गया था। यह अवधि बारह फ़रवरी को ख़त्म हो रही है। इसीलिए कोशिश है कि इससे पहले सरकार का गठन हो जाए। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के बाद अब सरकार गठन की संभावना तेज हो गई है।


नफीस जाफरी

## सस्ती तकनीक और हर नागरिक तक पहुंच: एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

सुशील पाल

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है। लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ये सुविधाएं नहीं हैं वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने–चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है– ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके। इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है– बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रुपये प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16–20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ–साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन–सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

(लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं)

# जनरल थिमैया के बहाने भाजपा ने राहुल को दिखाया आईना


गुलफिशा खान

राष्ट्रपति के द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब के कोट को लेकर काफी हंगामा हुआ। दरअसल, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के भाषण के बाद राहुल ने बोलना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि कि तेजस्वी ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आरोप लगाए और हमारी देशभक्ति पर सवाल उठाए। इसके राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की आत्मकथा को कोट करना शुरू किया। राहुल ने कहा कि नरवणे की आत्मकथा एक मैग्जीन में छपी है। जिस पर संसद में भाजपा सासंदों की ओर से काफी हंगामा किया गया। जिस पर समाजवादी पार्टी ने और कन्नौज से पार्टी सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि राहुल को उनकी बात रखने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन का सवाल बहुंत सेसेंटिव है, कोई सुझाव देश के हित में है तो मैं समझता हूं कि विपक्ष को पढ़ना चाहिए। ये काफी संवेदनशील है, लोहिया, फर्नाडीज और नेताजी ये बात कहते रहे कि चीन से सावधान रहना है। राहुल गांधी ने नरवणे का जिक्र किया तो भाजपा ने उनको जनरल थिमैया की याद दिलाई। उनका जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2018 में अपनी कर्नाटक रैली में भी किया था। आखिर जनरल थिमैया थे कौन, जो एक बार फिर चर्चा में हैं। बता दें कि जनरल थिमैया साल 1957 से 1961 के बीच भारतीय सेना के प्रमुख रहे। कहा जाता है कि उनको आर्मी चीफ नेहरू ने अपनी निजी पसंद से बनाया और उसके साथ किसी विवाद के चलते ही थिमैया ने इस्तीफा दिया था। थिमैया का जिक्र कर भाजपा राहुल गांधी को ये बताने की कोशिश कर रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नरवणे के संबंधों पर सवाल उठाने से पहले वह अपनी ही सरकार का इतिहास जरूर देख लें। जनरल थिमैया और पीएम नेहरू के संबंधों पर नजर जरूर डाल लें। 1947–48 में कश्मीर में कबाइली पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटाने के लिए हैदराबाद अभियान का नेतृत्व करने वाले थिमैया से तत्कालीन प्रधानमंत्री



जवाहर लाल नेहरू काफी खुश थे। जिसके बाद 1957 में नेहरू ने उनको सेना प्रमुख बना दिया। ये कहा जाता है कि नेहरू ने अपनी व्यक्तिगत पसंद के तौर पर उनको आर्मी चीफ बनाया था। उसी साल उनका विवाद रक्षा मंत्री .ष्ण मेनन के साथ हो गया, इस सबके बीच थिमैया ने इस्तीफा देने की पेशकश कर दी। फिर वक्त वो भी आया जब उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। इस दौरान जमकर सियासत हुई थी। इसे लेकर नेहरू पर भी आरोप लगाए गए थे। पीएम नेहरू को लगता था कि नए भारत में सेना की भूमिका पर फिर से विचार करने की जरूरत है। उनका जोर ऐसी नीति पर था जो सेना को नागरिक प्राधिकार के अधीन करने वाली थी। नेहरू चीन के साथ अच्छे संबंधों पर जोर दे रहे थे। जबकि थिमैया ने 1959–60 में ही सरकार को चीन सीमा की स्थिति और खतरे के बारे में आगाह कर दिया था। लेकिन नेहरू को चीन पर भरोसा था। वह चीन के साथ 1954 में ही पंचशील समझौता कर चुके थे। यहां दोनों के विचार एक दूसरे से मेल नहीं खा रहे थे। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री वीके .ष्ण मेनन का सेना के मामलों में दखल देना थमैया को पसंद नहीं था। उनका मानना था कि रणनीतिक मामलों में सेना को स्वायत्तता मिली चाहिए. लेकिन नेहरू को लगता था कि सैन्य तंत्र पर नागरिक–राजनीति कंट्रोल होना चाहिए. माना जाता है कि इसी टकराव के बीच जनरल थिमैया ने आर्मी चीफ के पद से इस्तीफा दे दिया। ये सब बातें किसी से छिपी नहीं हैं। लेकिन वर्तमान समय में राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के बीच संबंधों पर सवाल उठा रहे हैं, जिसके बाद भाजपा सांसदनिशिकांत दुबे ने कहा, मैं आपको नेहरू का यह पुराना पत्र दिखाना चाहता हूं। जिसमें उन्होंने जनरल करियाप्पा के बारे में लिखा था कि वे मानसिक रूप से भटक गए हैं। निशिकंत ने कहा कि नेहरू परिवार का जनरल थिमैया से विवाद था, जनरल कारियाप्पा से विवाद था। और बांग्लादेश युद्ध का नेतृत्व करने वाले फील्ड मार्शल मानेकशॉ से विवाद था। उनका इतिहास कायरता और भागने का इतिहास है। जहां तक जनरल थिमैया का सवाल है तो कर्नाटक के रहने वाले जनरल थिमैया को प्यार से लोग टिमी कहते थे। थिमैया का जन्म 30 मार्च, 1906 को कोडागु के मदिकेरी में हुआ था। शुरुआती शिक्षा के बाद परिवार ने उनको आठ साल की उम्र में पढ़ाई के लिए कुन्नूर के सेंट जोसेफ कॉलेज भेज दिया था। कुछ साल बाद उन्हें बेंगलुरु के बिशप कॉटन ब्वायज़ स्कूल में भेजा गया। स्कूली पढ़ाई खत्म करने के बाद उन्होंने प्रिंस ऑफ वेल्स रॉयल इंडियन मिलिटरी कॉलेज में दाखिला लिया, जो उस समय तक भारतीय सेना में शामिल होने के लिए जरूरी कदम था। ग्रेजुएट हो जाने के बाद थिमैया उन छह भारतीय कैडेटों में शामिल थे, जिन्हें आगे की ट्रेनिंग के लिए सैंडहर्स्ट स्थित रॉयल मिलिटरी कॉलेज में दाखिला दिया गया। जनरल थिमय्मौया ऐसे अकेले भारतीय हैं, जिन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान एक इन्फैन्ट्री ब्रिगेड की कमान संभाली। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें जुलाई, 1964 में साइप्रस में संयुक्त राष्ट्र शांतिसेना का कमांडर नियुक्त किया गया, और उनका देहांत 18 दिसंबर, 1965 को साइप्रस में ही ड्यूटी पर रहने के दौरान हुआ।

# नीरा नदी का दौरा कर पवार ने दिए बड़े राजनीतिक संकेत


फ़रीद वारसी

शरद पवार और अजित पवार महाराष्ट्र की राजनीति की चचा–भतीजे की दिलचस्प जोड़ी। इस जोड़ी ने विभाजित हुई एनसीपी के भष्विय के लिए जो सोचा था। वह नहीं हो पाया। बल्कि वह हो गया, जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। मसलन अजित पवार की एक विमान हादसे में मौत। जिसके बाद स्वर्गीय अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में काफी कुछ गठित हुआ। जैसे उनकी पत्नी को जिस तरह से आनन–फानन में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाया गया। वह काफी चौकाने वाला रहा। जिसके बाद एनसीपी के दो धड़ों में विलय की बात अब कही खत्म सी होती दिख रही है। लेकिन यह बात अलग है कि शरद पवार की अचानक हुई सक्रियता कुछ और ही संकेत दे रही है। विदित हो कि महाराष्ट्र की राजनीति में .श्यों के जरिए राजनीतिक नैरेटिव गढ़ने में शरद पवार जैसी महारत बहुत ही कम लोगों के पास है। कहा जाता है कि एक तस्वीर एक हजार शब्दों की कहानी कहती है। 80 साल के हो चुके शरद पवार इसके सबसे अच्छे जानकार हैं। पवार ने अपने पांच दशक लंबी राजनीतिक पारी में बयानबाजी की जगह .श्यों के जरिए लोगों की राय बनाने का काम किया है। पिछले हते एक प्लेन क्रैश में भतीजे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार की मौत के बाद उन्होंने एक बार फिर अपनी चिर–परिचित राजनीतिक शैली का प्रदर्शन किया है। महाराष्ट्र के 29 नगर निकायों में हाल में कराए गए चुनाव में शरद पवार अधिकांश समय पर्दे के पीछे ही रहे। खराब स्वास्थ्य के कारण उन्होंने अपनी पार्टी एनसीपी (एसपी) के चुनाव प्रचार से दूरी बनाए रखी। वो टीवी पर तब ही नजर आए जब बारामती में अजित पवार के निधन की खबर आई। उम्मीद की जा रही थी कि दुख की इस घड़ी में वो अपने परिजनों के साथ खड़े रहेंगे। लेकिन वो नीरा नदी के किनारे टहलते हुए नजर आए। उनके इस कदम ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया। कहा जा रहा है कि शरद पवार वहां प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखने गए थे। पवार ने नदी की खराब हालत पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल सुधार के कदम उठाने की मांग की। जो लोग इस मामले से परिचित नहीं थे, उनको शोक की इस घड़ी में पर्यावरण संरक्षण की इतनी चिंता करना थोड़ा अटपटा लग सकता था। लेकिन पवार की राजनीतिक शैली को गहराई से जानने–समझने वालों के लिए इसका संदेश साफ था। शरद पवार और अजित पवार ने दशकों तक बारामती की सेवा की। उन्होंने बारामती की धरती पर कदम रखकर वहां के लोगों को यह संकेत दिया कि जिला अनाथ नहीं हुआ है। पवार का नीरा



नदी के किनारे जाना एक सुनियोजित कदम था। राज्य की राजनीतिक मशीनरी के लिए भी यह एक संदेश था कि शरद पवार अभी भी सक्रिय, प्रासंगिक और अपने भतीजे की मृत्यु के बाद होने वाले बदलावों में निर्णायक भूमिका निभाने में पूरी तरह सक्षम हैं। यह वह रणनीति है, जिसे पवार ने अपने शुरुआती सालों से निखारा है। 1990 के दशक में रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने अरब सागर में जैकस्टे अभ्यास में भाग लिया था। इसमें वे दो चलते हुए युद्धपोतों के बीच एक रस्सी से लटके हुए नजर आए थे। उस अभ्यास की तस्वीरों में सिर्फ एक मंत्री को लाइफ जैकेट पहने हुए नहीं दिखाया गया था, बल्कि उन्होंने एक ऐसे नेता की छवि पेश की थी जो सशस्त्र बलों की जमीनी हकीकतों को समझने के लिए दिल्ली के आरामदायक दतर को छोड़ आता है। साल 2019 के चुनाव में उनका बारिश में भीगते हुए भाषण देना, शायद उनकी आज के समय की सबसे यादगार तस्वीर है। 80 साल की उम्र में पवार ने बारिश में भीगते हुए चुनावी रैली को संबोधित किया था। उनके इस भाषण ने दलबदल से जूझ रही उनकी पार्टी पर आए अस्तित्व के संकट को भी भावनात्मक सहानुभूति की लहर में बदल दिया था। उस एक .श्य ने राजनीतिक हवा को बदल दिया था। इससे एनसीपी को मजबूती मिली और अंततः महा विकास अघाड़ी का गठन हुआ। और अब, जब राज्य में अजित पवार के निधन के नतीजों और एनसीपी के दोनों धड़ों के फिर से एक होने की चर्चाएं हैं, ऐसे समय में शरद पवार की नीरा नदी की यात्रा उनके एक चिर–परिचित अंदाज के रूप में सामने आती है। महाराष्ट्र के जटिल राजनीतिक परि.श्य में, एनसीपी के इस वरिष्ठ नेता ने यह साफ कर दिया है कि वो अभी भी खेल के एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं।

# राष्ट्र निर्माण के प्रति कर्तव्य: वह बजट जो भारत के भविष्य को आकार देगा

तोखन साहू

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट 2026–27, सिफ़ 'एक सालाना वित्तीय बयान से कहीं ज़्यादा है; यह एक विकसित भारत बनाने का ब्लूप्रिंट है। माघ पूर्णिमा के पवित्र अवसर और गुरु रविदास जी की जयंती पर पेश किया गया यह बजट एक गहरे नैतिक और राष्ट्रीय उद्देश्य को दर्शाता है। ऐतिहासिक 53.5 लाख करोड़ के कुल खर्च और लगभग 27 लाख करोड़ के पूंजीगत खर्च के साथ, यह बजट राजकोषीय समझदारी बनाए रखते हुए भारत की विकास गाथा में विश्वास का संकेत देता है, जिसमें घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.3त्न पर सीमित है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिनके विचार प्रधानमंत्री के विकसित भारत युवा नेता संवाद के दौरान साझा किए गए थे और उन्हें राष्ट्रीय नीति निर्माण में जगह मिली है। यह विकास सिर्फ़ दफ़्तरों में नहीं, बल्कि नागरिकों के साथ बातचीत के ज़रिए आकार दिया गया है। 3 कर्तव्यों से प्रेरित और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं से निर्देशित, यह बजट विकास और समावेश, महत्वाकांक्षा और करुणा के बीच संतुलन बनाता है। पहला कर्तव्य आर्थिक विकास को तेज़ करने और बनाए रखने पर केंद्रित है, जो एक विकसित अर्थव्यवस्था की नींव रखेगा। 10,000 करोड़ का बायोफार्मा मिशन, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, और महत्वपूर्ण खनिजों, केमिकल मैन्युफैक्चरिंग, कंटेनर उत्पादन और मेगा टेक्सटाइल पार्क को मजबूत करने के उपाय घरेलू उद्योग को बढ़ावा देंगे और आयात पर निर्भरता कम करेंगे। ये दूरदर्शी क्षेत्र भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूती से स्थापित करते हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का इंजन को एक बड़ा बढ़ावा मिला है, जिसमें फ्रेट कॉरिडोर, जलमार्ग और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में 12.2 लाख करोड़ का प्रावधान है। शहरी आर्थिक क्षेत्र, हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर और म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोत्साहन शहरों को उत्पादकता के केंद्र बनाएंगे, लॉजिस्टिक्स लागत कम करेंगे, निवेश आकर्षित करेंगे और बड़े पैमाने पर रोज़गार पैदा करेंगे। दूसरा कर्तव्य लोगों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है। हेल्थकेयर संस्थानों में निवेश, संबद्ध स्वास्थ्य कार्यबल का विस्तार, और बुजुर्गों की देखभाल सेवाएं सामाजिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करती हैं। यूनिवर्सिटी टाउनशिप और हर जिले में महिलाओं के हॉस्टल जैसी शिक्षा पहल पहुंच और सुरक्षा में सुधार करती हैं, जबकि पर्यटन, विरासत विकास और खेलो इंडिया मिशन युवाओं के लिए नए अवसर खोलते हैं। तीसरा कर्तव्य, सबका साथ, सबका विकास के मार्गदर्शन में, समावेशी विकास सुनिश्चित करता है। किसानों को मत्स्य पालन, पशुधन और उच्च मूल्य वाली कृषि के साथ–साथ जल निकायों के विकास के माध्यम से सहायता मिलती है। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में निवेश और पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए केंद्रित पहल संतुलित क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देती हैं। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि भारत की विकास यात्रा में कोई भी समुदाय या क्षेत्र पीछे न छूटे। छत्तीसगढ़ के लिए यह बजट अवसरों का एक नया अध्याय खोलता है। भारत को ग्लोबल बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए प्रस्तावित ?10,000 करोड़ के निवेश से राज्य को फायदा होगा, जिससे राज्य में निवेश, रिसर्च और हाई–क्वालिटी नौकरियों के अवसर आएंगे। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 में शामिल होने से छत्तीसगढ़ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने में मदद मिलेगी। प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करके, राज्य ओडिशा के साथ मिलकर रेयर मेटल कॉरिडोर से रणनीतिक और औद्योगिक रूप से भी लाभ उठा सकता है। टेक्सटाइल सेक्टर में पहल – जिसमें नेशनल फाइबर मिशन, टेक्सटाइल विस्तार और रोज़गार योजना, और मेगा टेक्सटाइल पार्क शामिल हैं – छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प, हथकरघा, खादी और आधुनिक टेक्सटाइल उद्योगों को नई गति देंगे। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करेगी और स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ाएगी। एमएसएमई के लिए बजटीय सहायता यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य में छोटे और मध्यम उद्यमों को अधिकतम लाभ मिले, जिससे स्वरोज़गार और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। कार्बन कैप्चर, यूटिलाइज़ेशन और स्टोरेज के लिए 20,000 करोड़ का प्रावधान छत्तीसगढ़ को अपने समृद्ध वन संसाधनों को कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग के ज़रिए आर्थिक लाभ में बदलने का अवसर देता है। शिक्षा के क्षेत्र में, राज्य में कम से कम एक यूनिवर्सिटी टाउनशिप की स्थापना और हर ज़िले में एक महिला छात्रावास उच्च शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेश को मज़बूत करेगा। हर ज़िले में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, बुज़ुर्गों की देखभाल सेवाओं का विस्तार, और राज्य में एक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने के प्रयासों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मज़बूत किया जाएगा। टियर–2 और टियर–3 शहरों में कॉर्पोरेट फैसिलिटेटर की शुरुआत से स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा। मछली पालन, अमृत सरोवरों के इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट, पशुपालन, डेयरी और पोल्ट्री फार्मिंग, और हाई–वैल्यू एग्रीकल्चर के लिए सपोर्ट से किसानों की आय बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी। खेलो इंडिया मिशन के ज़रिए, छत्तीसगढ़ के एथलीटों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे। शहरी विकास के लिए, अर्बन इकोनॉमिक रीजन्स के लिए 5,000 करोड़ का आवंटन और म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करने के लिए प्रोत्साहन छत्तीसगढ़ के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक क्षमता को मज़बूत करेगा। नए इनकम टैक्स एक्ट, आसान टैक्स नियमों, टीडीएस/ टीसीएस के युक्तिकरण, और कस्टम ड्यूटी में राहत जैसे सुधार टैक्स सिस्टम को नागरिकों, उद्योगों और निवेशकों के लिए ज़्यादा पारदर्शी, सरल और निष्पक्ष बनाएंगे। इस बदलाव की यात्रा के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। राष्ट्र निर्माण, युवा सशक्तिकरण और समावेशी विकास पर उनका अटूट ध्यान भारत के विकास पथ को लगातार आकार दे रहा है। उनके मार्गदर्शन में, सुधार धीरे–धीरे नहीं बल्कि संरचनात्मक हैं, अल्पकालिक नहीं बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाले हैं। केंद्रीय बजट 2026–27 इसी दर्शन को दर्शाता हैरू एक आत्मविश्वासी भारत जो अपने लोगों, अपने राज्यों और अपने भविष्य में निवेश कर रहा है, और 2047 तक विकसित भारत के साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ रहा है।

लेखक आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री हैं।

## मादक पदार्थ तस्कर 54 ग्राम स्मैक पाउडर के साथ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा अवैध ा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 1 तस्कर को 54 ग्राम स्मैक पाउडर के साथ गिरतार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराध ी में भ्रमणशील थी तभी मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 15.03 बजे हुलास नगला पुल के पास एक अभियुक्त मुजीब पुत्र अनीस करीब 25 वर्ष निवासी मोहल्ला नादिरशाह कस्वा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर को गिरतार किया गया। जामा तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 54 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद हुआ। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर ने बताया कि अभियुक्त मुजीब पुत्र अनीस ने पूछने पर बताया है कि यह स्मैक नगर के ही एक युवक से ही ली थी इस्लामनगर कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर से लाया था। हुलास नंगला पुल के पास आने जाने वाले ट्रक ड्राईवरों को बेच देता था आज भी मै स्मैक बेचने की फिराक में पुल के बायें ओर खडा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। गिरतार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिह, उ0नि0 सुखपाल सिंह का0 आशीष कुमार का0 अंकित नेहरा का0 प्रवीण कुमार शामिल रहे।

# खेल मैदान में मिली नवयुवक की लाश



न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। सुईथाकला सरपतहा थाना अंतर्गत कम्मरपुर ग्राम सभा में बने बृहद स्टेडियम में एक नवयुवक की सुबह 8 बजे लाश बरामद हुई। जिसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह ने गांव में सूचना दी एक दिन पहले गांव के ही अमित सिंह पुत्र ब्रह्मदेव सिंह ग्राम पोस्ट कम्मरपुर जौनपुर अपने घर से बिबाद करके कल दोपहर 12 बजे घर से निकल गए थे। काफी खोजने के बाद उनका कहीं पता नहीं चला सुबह 8 बजे महिलाएं जो है सौच के लिए जब उधर गई उन्होंने देखा एक बगैर नंबर की बाइक तथा एक व्यक्ति वहां पर बेहोश पड़ा है। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस को दी तथा गांव में भी सूचना दी मौके पर जाकर उन्होंने जब देखा तो पता चला गांव के ही लड़के जिसकी उम्र 28 वर्ष है अभी शादी नहीं हुई है एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है। वह मृत अवस्था में वहां पर पड़ा था। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष युजवेंद्र सिंह तथा अपने हमराहियों के साथ मामले की जांच कर रहे हैं। प्रथम .ष्टि से देखने पर मामला आत्महत्या का लगता है। लाश को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी कि व्यक्ति की हत्या कैसे हुई है हत्या हुई है या उसने खुद आत्महत्या की है अभी कहा नहीं जा सकता इस बात को सुनकर अमित की माता जी का हाल काफी खराब है। वह बेहोश हो जा रही हैं जिनका भी इलाज घर पर ही चल रहा है। पूरे गांव में मातम का माहौल है। लड़का गांव में लोकप्रिय था हर व्यक्ति से उसका अच्छा संबंध था पूरा गांव उस बच्चे के आत्महत्या से रो रहा है।

# ब्लाक कार्यालय का ग्यारह बजे तक नहीं खुला ताला



न्यूज वाणी ब्यूरो /जौनपुर। विकास खंड सुईथा कला कार्यालय पर एसआईआर की वजह से भीड़ सुबह 9 बजे ही कार्यालय पर पहुंच गई थी लोग अधिकारियों की तलाश कर रहे थे लेकिन 11 बजे तक कोई अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं था जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह मामला एक दिन का नहीं है आए दिन विकास खंड कार्यालय पर यही स्थिति बनी रहती है जबकि सरकार एसआईआर पर इतना सख्त है लेकिन उसके बाद भी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है पूरे ब्लॉक में सिर्फ एडीओ आईएसबी मौके पर मौजूद थे लेकिन ताला ना खुलने की वजह से वह भी कोई कार्य नहीं कर पा रहे थे यदि इसी तरह से विकास खंड में अधिकारियों की मनमानी चलती रही तो शायद क्षेत्र की जनता अपने कार्यों को लेकर विकास खंड कार्यालय पर आने से डरने लगेगी जिलाधिकारी जौनपुर को इस मामले पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# सौम्या स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष ने क्षेत्र में सहयोग की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो /जौनपुर। चिली रामपुर ग्राम सभा में सौम्या स्वयं सहायता समूह गठित है इसकी अध्यक्ष सुनीता द्वारा गांव में महिलाओं को



जागृत करने के लिए तरह–तरह से उपाय किए जा रहे हैं जिसमें गांव की महिलाओं को खुद अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए जागृत किया जा रहा है। हर कदम पर सुनीता द्वारा उनका सहयोग किया जा रहा है। विकास खंड कार्यालय से भी इस कार्य के लिए सुनीता को काफी मदद मिल रही है। इसके चलते सुनीता गांव में काफी लोग फ्री हो गए हैं। सुनीता से बात करने पर उन्होंने बताया अभी तो हमारा प्रोग्राम गांव में चल रहा है लेकिन मैं सोचती हूं पूरे विकासखंड में मैं हर व्यक्ति की मदद कर सकूं जिससे कि महिलाएं अपने पैर पर खड़ी होकर अपने विकास के लिए निर्भर हो सके।

# गायत्री परिवार की टीम पहुंची बिसवां खुर्द गांव



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया की पांच दिवसीय कार्यक्रम में पहुंची जिले की टीम नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ चंदीभानपुर में चतुर्थ दिवस के दोपहर की वेला में पहुंची जिले की टीम टोली नायक मानसिंह वर्मा का जिले की टीम के द्वारा किया गया स्वागत साथ मे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण जिले के बच्चो को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित कार्यक्रम मे उपस्थित जिले के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी गंगासागर वर्मा, जिले के जिला समन्वक रामनरेश वर्मा, सह जिला समन्वक काशीराम, रामू वर्मा, समस्त गायत्री के कार्यकर्ता भाई बहन व मौजूद रहे।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**(1) गाड़ी सं. 09821/09822 सोगरिया-दानापुर साप्ताहिक होली विशेष रेलगाड़ी**

| 09821 सोगरिया-दानापुर | | | 09822 दानापुर-सोगरिया | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शनिवार | 23:10 | सोगरिया | 01:10 | मंगलवार |
| 13:00 | 13:02 | मानिकपुर | 12:18 | 12:20 |
| 14:50 | 14:55 | प्रयागराज छिवकी | 09:05 | 09:10 |
| 16:48 | 16:50 | मिर्जापुर | 06:30 | 06:32 |
| 23:45 | रविवार | दानापुर | सोमवार | 01:15 |

**सोगरिया से-** गाड़ी सं. **09821** (शनिवार) दिनांक- **28.02.2026** एवं **07.03.2026** तथा **दानापुर से-** गाड़ी सं. **09822** (सोमवार) दिनांक- **02.03.2026** एवं **09.03.2026** **संरचनाः** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-07, वाता. तृतीय श्रेणी-05, वाता. तृतीय इकोनामी कोच-01, वाता. द्वितीय श्रेणी-02, वाता. प्रथम सह द्वितीय श्रेणी-01

**(2) गाड़ी सं. 01667/01668 रानी कमलापति-दानापुर साप्ताहिक होली विशेष रेलगाड़ी**

| 01667 रानी कमलापति-दानापुर | | | 01668 दानापुर-रानी कमलापति | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्र.,सोम. | 14:25 | रानी कमलापति | 08:55 | रवि.,बुध. |
| 00:10 | 00:12 | मानिकपुर | 23:55 | 23:57 |
| 02:10 | 02:15 | प्रयागराज छिवकी | 20:35 | 20:40 |
| 03:45 | 03:47 | मिर्जापुर | 18:33 | 18:35 |
| 08:45 | शनि.,मंगल. | दानापुर | शनि.,मंगल. | 11:15 |

**रानी कमलापति से-** गाड़ी सं. **01667** (शुक्रवार एवं सोमवार) दिनांक- **27.02.2026** एवं **02.03.2026** तथा **दानापुर से-** गाड़ी सं. **01668** (शनिवार एवं मंगलवार) दिनांक- **28.02.2026** एवं **03.03.2026** **संरचनाः** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-06, वाता. तृतीय श्रेणी-02, वाता. तृतीय इकोनामी कोच-06, वाता. द्वितीय श्रेणी-1

ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 241/26 FA


# युवा गांधीवादियों की मनरेगा बचाओ यात्रा पहुंची घोसी

## - जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यात्रा का किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

घोसी, मऊ। मोदी सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए मजदूर विरोधी बदलावों के विरोध में निकाली जा रही मनरेगा बचाओ यात्रा आज बुधवार को अपने 19 वें दिन घोसी पहुंची। यह यात्रा घोसी से अगले दिन अदरी की ओर आगे बढ़ेगी। यात्रा में आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव संग सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने साइकिल चलाकर समर्थन किया। 17 जनवरी को चौरी–चौरा (गोरखपुर) से प्रारंभ हुई मनरेगा बचाओ यात्रा जो देवरिया और बलिया होते हुए वर्तमान में जिले में है। घोसी स्थित गांधी चौक पर महात्मा गांधी को नमन कर यह यात्रा रास्ते में पड़ने वाले गाँव और बाजार में जनसंवाद और जनसभा करते हुए आगे अदरी की ओर बढ़ी। 4 फरवरी को यात्रा घोसी से शुरू होकर घोसी बाजार, कल्याणपुर, आरियासो, जयरामगढ़, कसारा चट्टी, मछुआर, इंदारा होते हुए अदरी पहुंची। जनसभा के साथ यात्रियों ने यात्रा का समापन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि सरकार वीपी राम जी जैसे मजदूर विरोधी कानून लाकर मनरेगा को कमजोर और खत्म करने की साजिश कर रही है। इससे पिछड़े वर्ग, दलित, भूमिहीन मजदूर और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार संविधान पर लगातार हमला कर रही है और अपने पूंजीपति मित्रों को सस्ता श्रम उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है। मनरेगा को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने मोदी सरकार की कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अदानी अंबानी से दोस्ती किसी से छुपी नहीं है और उनके फायदे के लिए मनरेगा कानून में समाप्त किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह यात्रा गोरखपुर, देवरिया, बलिया, मऊ और गाजीपुर होते हुए प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेगी, जहां 17 फरवरी को इसका औपचारिक समापन किया जाएगा। यात्रा के जरिए मांग की गई कि काम के संवैधानिक अधिकार को बहाल किया जाए, मजदूर विरोधी कानून वीबी जी राम जी को तुरंत वापस लिया जाए, मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन की जाए। इस मौके पर राजमंगल यादव (जिलाध्यक्ष, कांग्रेस) सुरेश राजभर (ब्लाक अध्यक्ष घोसी) हरेंद्र यादव (जिला महासचिव, कांग्रेस), मृत्युंजय मौर्या (मऊ), सतीश साहनी (देवरिया), हिमांशु, रजत सिंह, प्रियेश, विवेक मिश्र (बलिया), नीरज कुमार (आजमगढ़), गौरव राय, तौहीद बेग, सूफी सलीम, विवेक विराट (समस्तीपुर), सुमन आनंद(ठभ्न्),कन्हैया साहनी, प्रवीण, गौरव पुरोहित (पश्चिम बंगाल), बृजेश साहनी, गौरव, आलोक यादव (बक्सर), संगम गुप्ता, राशिद (बेगूसराय), राजू कुमार (सहरसा), अंबिका प्रसाद, विवेक कुमार(नालंदा) आदि रहे।

# डीजल पौधा का बीज खाने से आठ बच्चों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौनपुर। कैमूर जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मदुरना गांव में डीजल पौधा (जेट्रोफा) के बीज खाने से आठ मासूम बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चों की हालत खराब होते ही गांव में अफरा–तफरी मच गई। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। आठ बच्चे हुए बीमार बीमार बच्चों में लुटन राम की 8 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी, पिंटू राम की 4 वर्षीय पुत्री लाडो कुमारी और 7 वर्षीय पुत्री ट्विंकल कुमारी, प्रवीण कुमार का 8 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार, दुलारचंद राम का पुत्र अभिषेक कुमार, सोमारु कुमार के पुत्र कृष कुमार और आशीर्वाद कुमार शामिल हैं। सभी बच्चे आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बताए जा रहे हैं। खेलते–खेलते हुई घटना परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे सभी बच्चे गांव में एक साथ खेल रहे थे। इसी दौरान वे गांव के पूरब स्थित पोखरा के पास पहुंच गए, जहां डीजल पौधे के फल को बादाम समझकर उसके बीज खा लिए। घर लौटने के करीब दो घंटे बाद बच्चों को उल्टियां होने लगीं और एक–एक कर सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। पहले पीएचसी, फिर सदर अस्पताल रेफर बच्चों की बिगड़ती हालत देख परिजन उन्हें तत्काल चौनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सभी को भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सभी बच्चों का इलाज जारी है। इस संबंध में .ष कुमार और आशीर्वाद कुमार के पिता सोमारु कुमार ने बताया, बच्चे खेलने गए थे। उसी दौरान डीजल पौधे का



फल खा लिया। बीज खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद हम लोग उन्हें सदर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने बताया, हालत स्थिर भभुआ सदर अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार बच्चों को उल्टी और कमजोरी की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया था। त्वरित इलाज के कारण अब सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है और वे खतरे से बाहर हैं। जहरीला होता है डीजल पौधे का बीज डीजल पौधा, जिसे वैज्ञानिक भाषा में जेट्रोफा या 'रतनजोत' कहा जाता है, एक झाड़ीनुमा पौधा है। इसके बीजों में तेल पाया जाता है, जिससे बायोडीजल बनाया जाता है। हालांकि इसके बीज जहरीले होते हैं और गलती से खाने पर स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील घटना के बाद ग्रामीणों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को जंगली पौधों और अनजान फलों से दूर रखें तथा उन्हें इसके प्रति जागरूक करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# महोली में वोटर लिस्ट पर घमासान, सपा का गंभीर आरोप

## - 757 मतदाताओं के नाम हटाने की रची जा रही साजिश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोली, सीतापुर। जनपद के महोली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने सत्ता पक्ष या अज्ञात तत्वों पर सपा समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अवैध रूप से कटवाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस कथित वोटर लिस्ट स्कैम को लेकर राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को सपा के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने इस मामले में मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर से मुलाकात की। उन्होंने डीएम को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। साजिश का फॉर्म 7 कनेक्शन अनूप गुप्ता ने बताया कि विधानसभा के उन बूथों को निशाना बनाया जा रहा है जहाँ सपा का जनाधार मजबूत है। उनके अनुसार अज्ञात लोग फर्जी हस्ताक्षर कर फॉर्म 7 (नाम हटाने हेतु आवेदन) जमा कर रहे हैं। वैध और जीवित मतदाताओं को जानबूझकर मृत या बाहरी घोषित किया जा रहा है। सपा के बूथ लेवल एजेंट और कार्यकर्ताओं ने इस गड़बड़ी को पकड़कर आलाकमान को सूचित किया है। अब तक कुल 10 गांवों से 757 मतदाताओं के नाम काटने के लिए फर्जी फॉर्म जमा किए जा चुके हैं। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि जो भी व्यक्ति किसी मतदाता का नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 जमा करता है, उससे शपथ पत्र लिया जाना अनिवार्य हो। यदि जांच में शिकायत फर्जी पाई जाती है, तो ऐसे शरारती तत्वों के



खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। यह लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास है। हम अपने समर्थकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे। प्रशासन को इस पर तुरंत लगाम लगानी चाहिए।

# लापता बालक का गन्ने के खेत में पेड़ पर लटका मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

सदरपुर, सीतापुर। जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। मंगलवार शाम से लापता एक 12 वर्षीय किशोर का शव बुधवार सुबह गन्ने के खेत में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मासूम की मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम पसर गया है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सदरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया खुर्द निवासी हरिशंकर भार्गव का 12 वर्षीय पुत्र चाहत मंगलवार शाम करीब 4 बजे घर से निकला था। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। रात भर परिजन



किसी अनहोनी की आशंका में बेचैन रहे। खेत में फंदे से झूलता मिला शव बुधवार सुबह, टेढ़ीपुरवा गांव के पास केवानी नदी किनारे स्थित एक गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने एक किशोर का शव पेड़ से लटका देखा। शव प्लास्टिक की पतली रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा था। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। शिनाख्त होने पर पता चला कि यह शव लापता चाहत का ही है, जिसके बाद मृतक के घर में चीख–पुकार मच गई। पुलिस की कार्रवाई और जांच सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। सदरपुर पुलिस का कहना रहा कि प्राथमिक .ष्टि में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन 12 साल के बच्चे द्वारा ऐसा आत्मघाती कदम उठाना कई सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है और परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि मौत के असली कारणों का पता चल सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस हर पहलू से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से देवरिया खुर्द और आसपास के गांवों में शोक और भय का माहौल व्याप्त है।

# बिजली विभाग की लापरवाही ने ली दो बेजुबानों की जान

## - खंभे में उतरे करंट से भैंसों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

पिसावां, सीतापुर। जनपद के पिसावां थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में बुधवार को बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वन विभाग के जंगल में चरने गई दो भैंसें हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही तड़प–तड़प कर मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक परिवार को गहरा आर्थिक झटका लगा है और ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। कपूरपुर निवासी मुंशी सिंह (चाचा हरिपाल यादव) बुधवार को अपनी भैंसों को गांव के पश्चिम स्थित जंगल में चराने ले गए थे। इसी दौरान एक भैंस पास ही लगे बिजली के एक सीमेंटेड खंभे के संपर्क में आ गई। खंभे में करंट होने के कारण भैंस उससे चिपक गई। अपनी साथी को तड़पता देख दूसरी भैंस उसे बचाने या पास जाने की कोशिश में खुद भी करंट की चपेट में आ गई। देखते ही देखते दोनों मवेशियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने दिखाई सूझबूझ, टल गया बड़ा हादसा भैंसों को तड़पता देख मुंशी सिंह और अन्य ग्रामीणों ने उन्हें लाठी–डंडों से बचाने का प्रयास किया, लेकिन खंभे के आसपास जमीन में करंट होने के कारण उन्हें भी झटके महसूस हुए। ग्रामीणों ने तुरंत शोर मचाकर अन्य पशुओं को वहां से खदेड़ा, जिससे दर्जनों अन्य मवेशियों की जान बच गई। आनन–फानन में बरगावां उपकेंद्र को सूचना देकर बिजली कटवाई गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। विभाग



पर लापरवाही का आरोप ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि खंभे का इंसुलेटर टूटा हुआ था और हाईवोल्टेज तार सीधे खंभे से सटा था। इसकी शिकायत के बावजूद मरम्मत नहीं की गई थी। घटना के बाद जब जेई जगदीश प्रसाद गौतम से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इंसुलेटर फटने की वजह से खंभे में करंट उतरा था। मामले की जांच की जा रही है और विभागीय नियमों के तहत पीड़ित किसान को उचित सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है। अब देखना यह है कि पीड़ित पशुपालक को विभाग कब तक मुआवजा देता है और जर्जर तारों व टूटे इंसुलेटरों की मरम्मत कब होती है।

# मौसम के मिजाज को देखकर चिंतित हैं किसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। मौसम के बदलते मिजाज से किसानों के बीच चिंता दिखाई दे रही है किसानों का मानना है गेहूं के अलावा सरसों तथा अरहर की फसल चना मटर आदी जिसने फुल लिया है उनके लिए यह मौसम घातक सिद्ध होगा इस मौसम में महू जैसा प्रकोप फसल में हो सकता है अभी से किसान सरसों के फसल पर दवा का छिड़काव अपनी फसल बचाने के लिए शुरू कर दिया है जौनपुर जिले में सरसों की फसल अभी लेट है जिसकी वजह से किसानों के बीच मां हूं जैसे प्रकोप का डर बना हुआ है।

# थाना प्रभारी सरपतहा के कार्यो से जनता खुश



न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। सरपतहा थाना प्रभारी के दबाव में क्षेत्र से क्राइम का नाम करीब करीब खत्म हो चुका है जिसकी वजह से रुधौली से लेकर सूरापुर तक जनता व व्यापारी अमन चैन की सांस ले रहे है। किसी तरह का क्षेत्र में क्राइम नहीं है हर व्यक्ति कानून के दायरे में रहकर कार्य कर रहा है। थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में अमन कायम करना है तथा जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इस बात पर ध्यान देना है। हमने सभी स्टाफ को बता दिया है। जनता की परेशानी से संबंधित कोई भी कार्य हो उसे पर तत्काल कार्रवाई की जाए यदि उनके बस की बात नहीं है हमको बताया जाए हम उसका निराकरण करेंगे जब से यजुवेंद्र सिंह जी आए हैं। उसके बाद से अभी तक क्षेत्र में कोई क्राइम नहीं हुआ जिसकी वजह से क्षेत्र की जनता काफी खुश है थाने पर भी पहले दलालों का जमावड़ा था वह भी खतम है। थाना प्रभारी का कहना है जिसकी समस्या है वह सीधे आकर हमसे मिले हम उसका निराकरण करेंगे।

# भाकियू के पुनीत चौधरी मंडल महासचिव नियुक्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा जनपद सहारनपुर में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु पुनीत चौधरी को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का मंडल महासचिव सहारनपुर युवा नियुक्त किया गया है। जिसको लेकर ग्राम भोजपुर सहित उनके समर्थको में खुशी का माहौल बना हुआ है। हाल ही में पुनीत चौधरी द्वारा अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ खतौली भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से मुलाकात कर भाकियू में शामिल हुए थे। इससे पहले भी वह संगठन में बड़ी जिम्मेदारी निभा चुके है। इसी के चलते भाकियू राष्ट्रिय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने उनको संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी है। पुनीत चौधरी जनपद में किसानो की लड़ाई लगातार लड़ने का काम करते है जिससे उनके पीछे किसानो की बड़ी संख्या जुडी हुई है उनके कार्य को देखते हुए पुनीत चौधरी राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के करीबी नेता में से एक मने जाते है। इस सम्बन्ध में पुनीत चौधरी ने कहा किसान हितों की आवाज को और मजबूत करने तथा किसानों के नेता चौधरी राकेश टिकैत के हाथों को सशक्त बनाने के लिए यह जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपी गई है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद एवं हार्दिक बधाई।

# हरदौलपुर में शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम



न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा, फतेहपुर। मलवां विकास खंड के हरदौलपुर ग्राम पंचायत में गांव के जितेंद्र सिंह की शिकायत पर गठित जांच कमेटी मौके पर पहुंचकर जांच कर ग्रामीणों से पूछताछ कर ग्राम प्रधान से अभिलेख मांगे है। जांच के दौरान हड़कंप मचा रहा। ग्राम प्रधान प्रींसी सिंह जांच अधिकारियों के जवाब नहीं दे पाई। खेल मैदान में सामग्री नदारद रही। भुगतान और बिल के हिसाब से फर्क नजर आने पर जांच अधिकारी एडीओ पंचायत पंकज कुमार बाजपेई व एडीओ पंचायत मो. असलम एवं जेई पंकज कुमार ने विभिन्न कार्यों के अभिलेख मांगे है। बताते चले कि गांव के ही जितेंद्र सिंह ने डीएम और खंड विकास अधिकारी से गांव में वित्तीय हेराफेरी और घोटाले एवं एक ही कार्य के ट्रेडर्स फर्म को भुगतान करने संबंधी आरोप लगा जांच की मांग किया था। डीएम ने तीन सदस्यीय टीम बनाई जिनसे 30 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। खंड विकास अधिकारी कोमल सिंह ने भी तीन सदस्यीय जांच टीम गठित किया था जो बुद्धवार को जांच करने पहुंची। ग्राम पंचायत कार्यालय में अभिलेख को चेक किया। गांव में ग्रामीणों और शिकायतकर्ता से भी पूछताछ किया। जांच टीम में शामिल जेई पंकज कुमार ने बताया ग्राम प्रधान से विभिन्न कार्यों के साक्ष्य एवं अभिलेख मांगे है। रिबोर हैंडपंप के बारे में मोहल्ले के लोगों से पूछताछ की गई। रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को सौंपी जाएगी।

# गाली गलौज व जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो /जमानियां, गाजीपुर। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.रुद्रकांत सिंह को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। पुलिस को दिए गये तहरीर में डॉ. रुद्रकांत सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि मंगलवार की दोपहर 3.22 बजे मेरे नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। जिसने बेवजह मुझे गाली गलौज देते हुए जान मारने की धमकी देने लगा। उन्होंने कहा कि अगर मेरे साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसका जिम्मेदार उपरोक्त अज्ञात व्यक्ति होगा। इस संबंध में कोतवाल राम सजन नागर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


## विशेष रेलगाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया है, यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, संरचना, दिन, ठहराव एवं समय पर निम्न विवरण के अनुसार चलेगीः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | आवृत्ति | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 09525 | हापा | नाहरलगुन | बुधवार | 04.03.26 से 30.12.26 |
| 09526 | नाहरलगुन | हापा | शनिवार | 07.03.26 से 02.01.27 |

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 242/26 (ADM)

# आंगनबाड़ी केन्द्रों से बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को दिया जा रहा अनुपूरक पुष्टाहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देश से कुपोषण दूर करने के लिए भारत सरकार ने बालविकास एवं महिला कल्याण के लिए कई योजनाये संचालित की है। उत्तर प्रदेश सरकार के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 0 से 06 वर्ष के बच्चों, 11 से 14 वर्ष तक की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समुचित पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षण के लिए अनुपूरक पोषाहार स्वास्थ्य प्रतिरक्षण (टीकाकरण) स्वास्थ्य जाँच, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, स्कूल पूर्व शिक्षा, निर्देशन एवं सदर्भन सेवाये प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशन में पोषण सम्बन्धी सेवायें एक ही स्थान आँगनबाड़ी केन्द्र पर दी जा रही है। प्रदेश की आँगनबाड़ी कार्यकत्री लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, गृह भ्रमण, पोषण सम्बन्धी परामर्श के साथ–साथ बच्चों के वृद्धि की निगरानी संबंधी गतिविधिया करते हुए महिलाओं एवं बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास का कार्य कर रही है। अनुपूरक पुष्टाहार वितरण– भारत सरकार द्वारा निर्गत नवीनतम गाईडलाइन सक्षम आंगनवाडी व पोषण 2.0 के अंतर्गत अनुपूरक पुष्टाहार (टेक होम राशन) के रूप में 06 माह से 03 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, 03 वर्ष से 06 वर्ष की आयु के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों (06 माह से 06 वर्ष आयु वर्ग) को सम्मिलित करते हुए प्रदेश में लगभग 166 लाख लाभार्थियों को प्रत्येक माह अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश के 43 जनपदों में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) द्वारा संचालित 204 टी. एच.आर उत्पादन ईकाईयो के माध्यम से 311 बाल विकास परियोजनाओं में रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में इन उत्पादन ईकाईयों द्वारा आटा बेसन प्री–मिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी, आटा बेसन हलवा तथा एनर्जी डेन्स हलवा निर्मित कर लाभार्थियों को वितरित किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध यम से संचालित उत्पादन ईकाईयों को सम्पूर्ण प्रदेश में क्रियान्वित होने तक की अवधि में वैकल्पिक रुप से नैफेड के माध्यम से लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार के रुप में फोर्टिफाइड गेहूँ दलिया, चना दाल, फोर्टिफाइड खाद्य तेल तथा खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल प्रदान किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था को और अधिक सुढ़ किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश में फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों का पंजीकरण व अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण किया जा रहा है। पोषाहार की गुणवत्ता पूर्ण आपूर्ति का परिणाम है कि 0 से 05 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में एनएचएसएच–4 नेशन फैमली हेल्थ सर्वे–4 (2015–16) की तुलना में एनएचएसएच–5 (2019–21) में स्टनिंग (नाटापन) में 46.3 प्रतिशत से 39.7 प्रतिशत अर्थात 6.6 प्रतिशत का सुधार हुआ है। दुबलापन में 0.6 प्रतिशत, अल्पवजन में 7.4 प्रतिशत का सुधार हुआ है। एनएचएसएच–4 की तुलना में एनएचएसएच–5 में अनुपूरक पुष्टाहार वितरण में 30 से 62 प्रतिशत कुल 32 प्रतिशत की प्रगति हुई है। किशोरी बालिकाओं के लिये योजना– इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 08 आकांक्षात्मक जनपदों की 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को पोषण एवं गैर पोषण घटकों में सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। जिनमें पोषण घटक के अन्तर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आच्छादित परियोजनाओं में आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स और दलिया मूंग दाल खिचड़ी अनुपूरक पुष्टाहार का एवं शेष परियोजना में नैफेड द्वारा फोर्टिफाइड गेंहू दलिया, चना दाल, फोर्टिफाइड खाद्य तेल और फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। किशोरी बालिकाओं के लिए गैर पोषण घटक के अन्तर्गत आयरन और फोलिक एसिड (आईएफए) सम्पूर्ण, स्वास्थ्य जांच और संदर्भन सेवा, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, मेंसट्रूअल हाईजीन को बढ़ावा देना तथा कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशन में नाव्या प्रोजेक्ट के अर्न्तगत प्रदेश के 02 आकांक्षात्मक जनपद–फतेहपुर एवं सोनभद्र में 16–18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु पायलेट प्रोजेक्ट प्रारम्भ किया गया है।हॉट कुक्ड मील योजना के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र पर आने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को हॉट कुक्ड मील दिया जा रहा है। प्रदेश में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ दिनांक 24 नवम्बर, 2023 को मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा जनपद अयोध्या से किया गया था। हॉट कुक्ड मील योजना के संचालन के फलस्वरूप 03 से 06 वर्ष के बच्चों का आंगनवाड़ी केन्द्र में नामांकन, उपस्थिति तथा पोषण स्तर में सुधार हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के 35.46 लाख बच्चों को हॉट कुक्ड मील उपलब्ध कराया जा रहा है। ई.सी.सी.ई. के अन्तर्गत बच्चों के जीवन के प्रारम्भिक वर्षों में देखभाल और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में भी 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए ईसीसीई को महत्व देते हुए स्कूली शिक्षा के बुनियादी स्तर में इसे सम्मिलित किया गया है। बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त आँगनवाड़ी केन्द्रों को ईसीसीई के अन्तर्गत संसाधनों के रूप में समस्त जनपदों को प्री–स्कूल किट तथा ईसीसीई प्रिन्ट सामग्री उपलब्ध करायी गयी है।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने अनुदेशकों में जगाई उम्मीद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सुप्रीम कोर्ट के बहुप्रतीक्षित फैसले ने प्रदेश के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशको के परिवार में खुशियों की उम्मीद



बन कर जागी है। ज्ञातव्य हो कि अनुदेशक 2013 में आरटीई 2009 के अन्तर्गत परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त किए गए, 2017 बिधानसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने शोशल हैण्डल एवं अपने रैलियों में 17000 देने का आश्वाशन देकर सत्ता में आई लेकिन अनुदेशकों को उनका हक नहीं मिला। हाइकोर्ट की शरण में गये। जहाँ सिंगल बेंच में न्याय मूर्ति राजेश सिंह चौहान ने अपने फैंसले में राज्य सरकार को 9 प्रतिशत ब्याज सहित एरियर देने का आदेश दिया परन्तु राज्य सरकार पैसे नहीं देकर डबल बेंच गयी। वहाँ राज्य सरकार को सफलता नहीं लगी। फिर फरवरी 2023 में मामला सुप्रीम कोर्ट की शरण में पंहुचा लेकिन राज्य सरकार लटकाती भटकाती तीन वर्ष गुजार दिये लेकिन सुप्रीम कोर्ट केश में मुख्य जज पंकज मित्तल मुख्य बने रहे। प्रदेश के अनुदेशक जिनके घर 9000 मानदेय में खाने के लाले पडे थे परन्तु वह उसका फिक्र नही करके, सुप्रीम कोर्ट में लडे, नतीजा रहा कि मेहनत रंग लाई और आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने सभी अनुदेशक एवं उनके परिवारों में एक उम्मीद की किरण जाग्रत हुई सुप्रीम कोर्ट ने कहा अंशकालिक शिक्षकों की नियुक्ति, अवधि समाप्त होने के बाद संविदात्मक नहीं रह जाती। उन्हें कहीं और नौकरी करने से रोक दिया गया है। ऐसे पद स्वतः सृजित हो जाते हैं। मानदेय में संशोधन अनुचित व्यवहार के समान है (7,000)। उपरोक्त के मद्देनजर, उत्तर प्रदेश में अंशकालिक शिक्षक 2013 में निध ारित अपने मानदेय में संशोधन के हकदार हैं। यह संशोधन वार्षिक रूप से नहीं तो आवधिक रूप से होना चाहिए। 17–18 से संशोधन होने तक 17,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। भुगतान 1.04.2026 से शुरू होगा। बकाया राशि का भुगतान आज से 6 महीने के भीतर किया जाएगा। लेकिन देखना अभी यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए राज्य सरकार भुगतान करेगी। कि आश्वासन के दौर आएंगे। पूर्ण खुशियां अभी भी राज्य सरकार के अन्तर्गत में है।क्योंकि अनुदेशक पूर्णतया अर्थ से पूर्णतया टूट चुका है, पेपर, न्यूज पिछले जनवरी से कभी 22000 कभी 24000 मिलने की सूचनाएं प्रकाशित हुई, परन्तु धरातल में कुछ भी नहीं प्राप्त किया है। यह जानकारी चन्द्र सेन पटेल प्रदेश संगठन सचिव, परिषदीय अनुदेशक कल्याण एशोसिएशन (उ0प्र0) द्वारा दी गई है।

## एडीएम ने जिला सैनिक बन्धु की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में आज कलक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) विशू राजा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, अधिकारी द्वारा सभी पूर्व सैनिकों का अभिवादन व स्वागत किया गया और उन्हे कल्याणकारी योजनों के बारे में जानकारी दी गयी, तत्पश्चात पूर्व सैनिकों की समस्याओं को अपर



जिलाधिकारी (वि०/रा०) द्वारा सुना गया और निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिलाधि ाकारी (वि०/रा०) ने पूर्व सैनिकों द्वारा की गई देश की सेवा की भूरी–2 प्रशंसा की और सेवा हेतु आभार व्यक्त किया, तत्पश्चात अवगत कराया गया कि भविष्य में भी पूर्व सैनिकों व वीर नारी एवं उनके आश्रितों की समस्याएं संज्ञान में आती है तो उनको त्वरित गति से निस्तारण किया जाय, बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी, बैठक के दौरान कर्नल नवीन यादव, कमाण्डर विजेन्द्र सिंह, ओनरेरी कैप्टन शेर सिंह, सूबेदार मेजर रामवीर सिंह यादव, सूबेदार मेजर छोटे लाल और अन्य पूर्व सैनिकों प्रतिभाग किया।

## एसपी के आदेश पर चलाया साइबर जागरुकता अभियान

### - साइबर अपराधों से बचने के संबंध में किया जागरुक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं व आमजन को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए ओ.टी.पी. किसी व्यक्ति को साझा न करने, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्राड होने की सम्भावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर आदि) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें, सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्राड की जानकारी दी। साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज के लिए साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु गृह



मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेवसाइट की भी जानकारी दी गयी। साइबर क्राइम से बचाव हेतु मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायें गये दिशा निर्देशों के अनुसार भी जागरुकता को प्रचारित किया गया। थाने पर आये जनसामान्य को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेल्प डेस्क पर तुरन्त सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी। समस्त प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया व बताया गया कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानी पूर्वक उपयोग करें व किसी के बहकावें में न आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी तरीके के साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें।

## चारपहिया वाहन को सीज कर किया चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा चारपहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने वाले एक अन्य वाहन को सीज करते हुए चालान किया गया। गौरतलब हो कि यातायात पुलिस खतरनाक स्टंट करने वालो पर कार्यवाही करते हुए 03 चारपहिया वाहनो को सीज करते हुए चालान किया गया था तथा अन्य वाहनो की तलाश की जा रही थी इसी क्रम में आज चार पहिया वाहनो से खतरनाक स्टंट करने वाले एक अन्य चारपहिया की पहचान करते हुए वाहन सं0 यूपी–90एबी/0707 के मालिक प्रशांत पुत्र जुग्गीलाल निवासी महेश्वरी देवी वनौटा गली थाना कोतवाली नगर के वाहन को सीज कर चालान किया गया। साथ ही वाहन मालिक के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही अन्य वाहनों की भी पहचान/तलाश कर उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने आमजनमानस से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह अपने व आमजनमानस के लिए जानलेवा हो सकता है।

## सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत स्वागत वाटिका में हुआ विवाह

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। उ0प्र0 की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत आज जनपद के नगरीय निकाय (नगर पंचाचत नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद, सिरसागंज) एवं विकास खण्ड शिकोहाबाद, मदनपुर, अरॉव के चिन्हित पात्र जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत स्वागत वाटिका नानेमउ में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के 14, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के 04, विकास खण्ड शिकोहाबाद के 20, विकास खण्ड अरॉव के 22, विकास खण्ड मदनपुर के 34 इस प्रकार कुल 95 जोड़ों उपस्थित हुये। जिनमें 81 हिन्दू जोडे एवं 14 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 94 जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये। कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जोड़ों को क्रमशः 05 साडी ब्लाउज सहित, 05 पेटीकोट, चुनरी, पैन्ट का कपडा, शर्ट का कपडा, फेंटा ६ गमछा, चाँदी की पायल (एक जोडी), चाँदी की बिछिया (एक जोडी), स्टील डिनर सैट, प्रेशर कुकर, कढाई, ट्रॉलीबैग, वैनिटी किट, दीवार घडी, सीलिंग फेन, कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड चादर, 02 पिलो कवर, कम्बल–02, गद्दा ६ मैट्रेस–02, तकिया–02 नग, सिन्होरा, चूडी, कंगन, ड्राईफ्रूट्स, मिष्ठान, आदि वैवाहिक सामग्री प्रदान की गयी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हरिओम यादव निवर्तमान विधायक सिरसागंज, विजय प्रताप उर्फ छोटू यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, कमलेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख अरॉव, जोगेन्द्र सिंह ब्लॉक प्रमुख मदनपुर, उदयप्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भा०ज०पा० आदि की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माननीयों द्वारा सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए वर–वधू को नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाएँ प्रदान की गयी। कार्यक्रम में उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त महेन्द्र सिंह यादव उपायुक्त स्वतः रोजगार ग्रामीण, राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी, के०एम० सिंह जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, तहसीलदार सिरसागंज तथा सम्बन्धित विकास खण्ड/नगरीय निकायों के अधिकारी अधिकारियों के साथ–साथ समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

## हॉस्पिटल के दो वर्ष पूरे होने पर लगाया निःशुल्क कैंप

### – एक हजार से अधिक मरीजों ने निःशुल्क दवाई व जांचों का उठाया लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। हमेशा सुर्खियों में रहने वाले गरीबों की मदद करने वाले व गरीब मरीजों का निःशुल्क इलाज करने वाले शिव .ष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉक्टर संगीता सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व डायरेक्टर अरुणेश सिंह के द्वारा शिव .ष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के दो वर्ष पूरा होने पर विशाल निःशुल्क मेगा कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप में जनपद कई ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो लोग पहुंचे जहाँ मेडिकल शिविर में डॉ संगीता सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ जो महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का उपचार करती है। उन्होंने लगभग 500 मरीजों को स्वयं देखा, डॉ सोमेश त्रिपाठी गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ ने लगभग 200 मरीज का उपचार किया। डॉ संजय कुमार लैप्रोस्कोपिक सर्जन जो सर्जरी से संबंधित सभी प्रकार का इलाज करते है। उन्होंने लगभग 150 मरीजों के देखा। डॉक्टर प्रिया दीक्षित जरनल फिजीशियन एवं साधन रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर दीपिका शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ बच्चों से संबंधित सभी प्रकार का इलाज करती उन्होंने लगभग 150 मरीजों को देखा गया। डॉ देव हड्डी रोग विशेषज्ञ व डॉ संजय कुमार लौप्रोस्कॉपिक जरनल सर्जन ने लगभग 250 मरीजों को देखा लगभग एक हाजर से अधिक मरीजों ने इस विशाल निःशुल्क मेगा कैंप का लाभ उठाया। इसके साथ साथ सभी प्रकार की दवाइयां आए एक हजार से अधिक मरीजों को निःशुल्क दी गई। साथ मे मरीजों और उनके साथ आए लोगों को खाना भी खिलवाया गया। शिव .ष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल सरकारी नर्सरी के सामने नवाब टैंक के पास नरैनी रोड में उपचार करने आए सभी मरीजों व तीमारदारों ने डॉक्टर संगीता सिंह व डायरेक्टर अरुणेश सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया। डायरेक्टर अरुणेश सिंह ने अस्पताल एवं मरीज से संबंधित बातों में उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड हमेशा सरकारी व्यवस्थाओं से दूर



रहता है मैं इसी अपनी मातृभूमि में जन्म यहां के लोगों के लिए हमेशा मन में एक विचार आता था कि अपनी मातृभूमि के लिए मुझे कुछ करना है अपने बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर मैं एक सफर पर निकला मैं नहीं जानता था कि मैं अपने इस रास्ते में कितना सफल हो पाऊंगा लेकिन फिर भी एक उम्मीद के साथ निरंतर चलता रहा हूं। जनपद वासियों का अपार स्नेह एवं प्रेम हमेशा मुझे आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करता है यह सेवा निरंतर मेरे द्वारा एवं मेरी पत्नी डॉक्टर संगीता सिंह के साथ यह मेरा सफर बांदा वासियों के लिए यूं ही हमेशा चलता रहेगा समय–समय पर इस तरह के निशुल्क कैंप का आयोजन मैं और मेरी पूरी टीम के साथ सदैव तत्पर रहूंगा।

## प्रशासनिक सरपरस्ती में ओवररेटिंग का अभयारण्य

न्यूज वाणी ब्यूरो। बहराइच। जनपद के दीवानी कचहरी, शहर सहित ग्रामीणांचल के कस्बों में कानून नहीं, बल्कि अराजकता राज कर रही है। जहां न्याय के मंदिर कचहरी के ठीक बाहर कमला पसंद गुटखा.जिसका अधिकतम खुदरा मूल्य 4 रुपये निर्धारित है.उसे खुलेआम 6 रुपये में बेचा जा रहा है। यह केवल ओवररेटिंग नहीं, बल्कि प्रशासनिक नियंत्रण के पूरी तरह ध्वस्त हो जाने का जीवंत प्रमाण है। सबसे शर्मनाक तथ्य यह है कि यह अवैध वसूली किसी सुनसान गली में नहीं, बल्कि न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में चल रही है। इसके बावजूद मानक विभाग, उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी और स्थानीय प्रशासन का कहीं कोई अता–पता नहीं। ऐसे में यह सवाल अनिवार्य हो जाता है कि यह सब लापरवाही है या सुनियोजित संरक्षण? स्थानीय अधिवक्ताओं और आम नागरिकों का आरोप है कि शिकायतें जानबूझकर नजरअंदाज की जा रही हैं। न छापेमारी, न जुर्माना, न कार्रवाई.हर स्तर पर सन्नाटा। यह सन्नाटा अब प्रशासन की निष्क्रियता नहीं, बल्कि उसकी भूमिका को संदिग्ध बनाता है। यदि न्यायालय परिसर में ही उपभोक्ता कानून बंधक बना दिया गया है, तो यह साफ संकेत है कि जिले में नियम सिर्फ कागजों पर जिंदा हैं। प्रशासन की यह चुप्पी सीधे–सीधे उपभोक्ता शोषण को बढ़ावा दे रही है और अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद कर रही है। अब सवाल यह नहीं कि ओवररेटिंग हो रही है. सवाल यह है कि आखिर किसके इशारे पर कार्रवाई नहीं हो रही? यदि शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए गए तो यह मान लिया जाएगा कि उपभोक्ता कानूनों की हत्या में प्रशासन स्वयं सहभागी है।

## नानपारा नगर में अतिक्रमण बना जाम का बड़ा कारण

### – एंबुलेंस व आपातकालीन वाहन भी फंसे

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। नगर पालिका परिषद नानपारा क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। बाजार व प्रमुख सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों के कारण आए दिन भीषण जाम लग रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ती है, वहीं जाम के चलते एंबुलेंस व अन्य आपातकालीन वाहन भी समय पर नहीं निकल पा रहे हैं, जिससे गंभीर हालात बन रहे हैं। नो–एंट्री के दौरान भी बाजार क्षेत्र में ट्रकों व भारी वाहनों का प्रवेश जारी है, जिससे स्थिति और खराब हो जाती है। दुकानों के बाहर पटरियों पर खुलेआम अतिक्रमण किया गया है तथा कई स्थानों पर नालों के ऊपर कब्जा कर लिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि कुछ दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के सामने के हिस्से को किराए पर दे दिया गया है, जिससे अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके और आपातकालीन सेवाएं बाधित न हों।

## उच्च न्यायपालिका में ओबीसी, एससी, एसटी का प्रतिनिधित्व नगण्य : चौ0 लौटनराम

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। देश की उच्च न्यायपालिका में सामाजिक प्रतिनिधित्व को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। हाल ही में साझा किए जा रहे कुछ आंकड़ों के आधार पर यह दावा किया जा रहा है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व उनकी जनसंख्या के अनुपात में काफी कम है, जबकि तथाकथित ऊंची जातियों का दबदबा बना हुआ है।उच्च जातियों में भी ब्राह्मण वर्चस्व है। दावों के अनुसार, वर्ष 2018 से जुलाई 2025 के बीच नियुक्त किए गए हाई कोर्ट जजों के आंकड़ों में एससी से 23, एसटी से 17 और ओबीसी से 93 जज नियुक्त हुए, जबकि अन्यध्ऊंची जातियों से लगभग 610 जज नियुक्त हुए बताए जा रहे हैं। इन दावों में यह भी कहा जा रहा है कि इन अन्य श्रेणी में ब्राह्मण समुदाय का अनुपात बहुत अधिक है। इसी आधार पर यह तर्क दिया जा रहा है कि न्यायपालिका में सामाजिक विविधता और संतुलन का अभाव है। जनसंख्या के अनुमानित आंकड़ों की तुलना करते हुए कहा जा रहा है कि जहां देश में एससी की आबादी लगभग 16–17 प्रतिशत, एसटी की 8–9 प्रतिशत और ओबीसी की 40–50 प्रतिशत के बीच मानी जाती है, वहीं न्यायपालिका में उनका प्रतिनिधि ात्व इस अनुपात के करीब नहीं दिखता। विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट के संदर्भ में यह दावा किया जा रहा है कि ओबीसी का प्रतिनिधित्व लगभग 5 प्रतिशत के आसपास है, जबकि एससीध्एसटी की उपस्थिति ऐतिहासिक रूप से बहुत सीमित रही है। इन आंकड़ों और दावों के आधार पर न्यायपालिका में नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता, सामाजिक विविधता और प्रतिनिधित्व को लेकर न्यायिक सुधार की मांग उठाई जा रही है। हालांकि, इन दावों पर आधिकारिक स्तर पर विस्तृत सत्यापन और स्पष्टीकरण की आवश्यकता बताई जा रही है, क्योंकि न्यायपालिका में जाति आध ारित आधिकारिक डेटा सार्वजनिक रूप से व्यवस्थित रूप में उपलब्ध नहीं है। उच्च न्यायपालिका (उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय) पर अभी तक 200 परिवारों का कब्जा रहा है। उच्च तुच्छजातिवाद, परिवारवाद व भाई–भतीजावाद का बोलबाला है। दुर्भाग्य की बात है कि उच्च न्यायपालिका समावेशी नहीं है। लोकतंत्र के चार स्तम्भों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका व पत्रकारिता में न्यायपालिका को सर्वोच्च स्थान दिया जाता है। वर्तमान में छोटी से छोटी नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा करायी जाती है, प्रतियोगी परीक्षा से पूर्व लिपिकीय पदों पर भर्ती के लिए पेट, प्राथमिक शिक्षक के लिए टेट, पीएचडी के लिये नेट पास होना अनिवार्य है। क्लास–3 की नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार, क्लास–2 व क्लास–1 के लिये दो स्तरीय लिखित परीक्षा व साक्षात्कार पास मेरिटधारी का चयन किया जाता है, यही नहीं जूनियर व सीनियर ज्यूडिशियरी के लिए भी लिखित व साक्षात्कार आवश्यक है, वही हायर ज्यूडिशियरी के लिये कोई प्रतियोगी परीक्षा नहीं, उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का मनोनयन 3 व 5 सदस्यीय न्यायाधीशों के कॉलेजियम सिस्टम से किया जाता है। आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस आदि का चयन संघ लोक सेवा आयोग की त्रिस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा, पीसीएस, पीपीएस आदि चयन राज्य लोक सेवा आयोग की त्रिस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा व लिपिक संवर्गीय क्लास–3 की नौकरियों के लिए यूपीएसएसएससी की द्विस्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण करना होता है, वही उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों कॉलेजियम से मनोनयन किया जाता है। विधायिका के लिए इलेक्शन होता है और सर्वाधिक मत पाने वाला सांसद, विधायक बनता है, उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश बिना किसी प्रतियोगी परीक्षा के पास किये कॉलेजियम सिस्टम से नामित कर दिया जाता है और एक नामित न्यायाधीश प्रतियोगी परीक्षा व चुनावी प्रक्रिया से चुने गए लोकसेवक व जनप्रतिनिधि को कटघरे में खडाकर सजा दे देता है। कॉलेजियम सिस्टम विश्व का आठवां आश्चर्य व अनोखा सिस्टम है। उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों कॉलेजियम सिस्टम से मनोनयन नहीं, यूपीएससी, पीएससी पैटर्न की आईजेएससी के माध्यम से दो या तीन स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा से चयन किया जाना न्यायसंगत रहेगा। जिनमें न्यायिक चरित्र नहीं होता,वही उच्च न्यायपालिका पर कब्जा जमाये हुए हैं।

## शबेबरात पर पूरी रात जाग इबादत करके मांगी दुआएं

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। देर शाम ईशा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के बुजुर्गों नौजवानों बच्चों ने पूरी रात अपने अपने मोहल्ले की मस्जिदों के अंदर जाग कर नमाज पढ़कर इबादत की वहीं महिलाओं ने घरों में पूरी रात जाकर नमाज कुरान पढ़कर अल्लाह से अपने गुनाहों की रो रो कर माफी मांगी। सभी ने अपने गुनाहों की माफी, अपने कारोबार की बरकत, अपने परिजन अपने रिश्तेदार मोहल्ले पड़ोस के लोगों के लिए खुशहाली की दुआ मांगी। अपने मुल्क की तरक्की अमन चैन भाईचारा प्यार मोहब्बत की दुआएं मांगी। फिरोजाबाद के सभी कब्रिस्तान लाइट लगाकर रोशनी करके जगमगा रहे थे। नमाज के बीच–बीच में बुजुर्ग नौजवान व बच्चे कब्रिस्तान में जाकर अपने परिवरीजन माता–पिता बहन भाई रिश्तेदारों की मिलने वालों की कब्रों पर जाकर मगफिरत की दुआएं पढ़ रहे थे। सुबह लगभग 5.45 पर फजर की नमाज से पहले पुरुषों महिलाओं ने सहरी करके रोजा रखकर फजर की नमाज अदा करके मस्जिदों से निकाल कर कब्रिस्तानों की तरफ चल दिए। कब्रिस्तान में जाकर सभी के लिए दुआ ए मगफिरत पढ़ी उसके बाद घरों में आकर आराम किया। करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान अपनी पूरी टीम के साथ पूरे शहर के अंदर जमीनी स्तर पर उतरकर कोने कोने में जाकर व्यवस्थाओं को देखते रहे और कहा कि सभी मस्जिदों के इमाम और नमाजियों ने हमारे प्यारे वतन हिंदुस्तान के तरक्की के लिए और मुल्क में अमन चैन प्यार मोहब्बत भाईचारे के लिए खास खुसूसी दुआएं की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था की खास निर्देश दिए। खासकर नगर पुलिस अधीक्षक रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में शाम से ही सीओ सिटी अरुण कुमार चौरसिया, एलआईयू इंस्पेक्टर प्रेम पाल सिंह, सभी थानों के प्रभारी थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह, थाना रसूलपुर प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह, थाना रामगढ़ प्रभारी संजीव दुबे, थाना उत्तर प्रभारी अनीजेश कुमार सिंह, सभी चौकी प्रभारी ने पूरी रात जाकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी से ड्यूटी को अंजाम दिया, अधिकारी भ्रमणशील रहे। हिकमत उल्ला खान जिलाधिकारी रमेश रंजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और उनकी पूरी टीम का बेहतरीन सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए फिरोजाबाद की आवाम की तरफ से बहुत–बहुत शुक्रिया अदा किया।

# आजादी के अपराजेय योद्धा थे कृष्ण लाल जैन

## - मनाई कृष्ण लाल जैन की 15 वीं पुण्यतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के अपराजेय योद्धा एवं चर्चित राजनीतिक हस्ती के तौर पर जाने पहचाने वाले नाम वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वरू .ष्ण लाल जैन की 15वीं पुण्यतिथि बुधवार को कर्मवीर प्रेस पर मनाई गई। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रदेश महासचिव एवं स्वरू जैन के पौत्र आकाशदीप जैन बेटू द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेनानी परिजनों एवं प्रबुद्ध जनों ने उनके चित्र पर माला पहनाकर एवं पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद करते हुये कहा स्वरू .ष्ण लाल जैन इटावा के गौरव पुरूष के रूप में सदैव याद किये जायेंगे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनकी कुर्बानीयो को कभी भुलाया नही जा सकता वह जनपद के ईमानदार राजनैतिक हस्ती थे जिनका नाम जनपद ही नही प्रदेश एवं देश के सभी बड़े नेताओं की जुवान पर रहता था। उन्हें सभी राजनैतिक दल पक्ष—विपक्ष सदैव अपना आदर्श मानता रहा है वह एक युग पुरुष थे। उनके पौत्र एवं राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन बेटू ने कहा मुझे गर्व है कि में स्वरू जैन का पौत्र हूं हमारे परिवार का भी आजादी के आंदोलन एवं जनपद की राजनीति में अहम योगदान रहा है। कार्यक्रम के स्वतंत्रता सेनानी परिवार के जिलाध्यक्ष निर्मल चन्द्र गुप्ता, महामंत्री इकबाल हाशमी, कोषाध्यक्ष श्यामल दास गुप्ता, योगेन्द्र दीक्षित, आनन्द बाबू, जयवीर सिंह यादव आदि ने सम्बोधित कर नमन किया।



# सैफई पुलिस ने सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

## - मिशन शक्ति अभियान घर-घर पहुंचकर महिला सुरक्षा का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत बुधवार को थाना सैफई पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत पम्पलेट वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा/एंबुलेंस 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का तत्काल उपयोग करें। साथ ही विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रध ाानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी दी गई, महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उज्ज्वल भविष्य बनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। साथ ही अपील की गई कि प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और आसपास की अन्य महिलाओं के साथ अवश्य साझा करें।




# आचार्य का लालपुरा जैन मंदिर में हुआ नगर प्रवेश

## - आचार्य श्री का कोतवाली प्रभारी ने लिया आशीर्वाद, रहा पुलिस फोर्स मौजूद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। धर्मनगरी में बुधवार को एक ऐतिहासिक एवं मंगलमय .श्य देखने को मिला। तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर मुनिराज के अंतिम शिष्य एवं जैन धर्म के प्रभावशाली संत पूज्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी ससंघ (9 पिच्छी) का भिंड (मध्य प्रदेश) से पदबिहार करते हुए नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नशिया जी से भव्य मंगल प्रवेश एवं आगवानी जुलूस निकाला गया। आगवानी जुलूस नशिया जी मंदिर से प्रारंभ होकर टिक्सी मंदिर, बजरिया, छैराहा—पचराहा, सीओ सिटी चौराहा, तिकोनिया, पक्की सराय, नगर पालिका चौराहा, रंगलाल चौराहा होते हुए महावीर मार्ग स्थित लालपुरा जैन मंदिर पहुंचा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन, आरती एवं वंदना कर भावभीना स्वागत किया। पूरा नगर गुरुदेव के पावन आगमन पर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। आचार्य श्री ने लालपुरा जैन मंदिर पहुंचकर श्रीजी के दर्शन किए तथा मंगल प्रवचन प्रदान किए। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार,विशेष सहयोगी राजू जैन बर्तन पीयूष जैन सोनू जैन अमित जैन रोहित जैन सौरव जैन वैभव जैन, चीता जैन सुशील जैन भोलू जैन शुभम जैन मोहित जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला—पुरुष, बच्चे एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और ध र्मलाभ अर्जित किया। मंच संचालन महावीर प्रसाद जैन ने किया। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के .ष्टिगत कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। आचार्य श्री का कोतवाली प्रभारी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# व्यापारियों के मान-सम्मान व सुरक्षा के लिए संगठन रहेगा संकल्पित

## - उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला व शहर महिला इकाई का विस्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। एसडी फील्ड स्थित कार्यक्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला एवं शहर महिला इकाई का विस्तार किया गया। नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष शकीला बेगम तथा शहर महिला अध्यक्ष पूर्वी सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कई नई पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिला महिला इकाई में प्रीति को जिला महिला महामंत्री, प्रेमलता एवं रोशनी वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, अंजू यादव को जिला कोषाध्यक्ष तथा सुमन यादव को महिला जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा रानी बघेल को जसवंतनगर शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शहर महिला इकाई में मीरा राजपूत को शहर महिला महामंत्री, याशमीन को शहर महिला उपाध्यक्ष तथा रितु यादव को शहर महिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व की शेष कमेटी यथावत कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने कहा कि व्यापारियों के मान—सम्मान और सुरक्षा के लिए संगठन निरंतर विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को विभिन्न स्तरों पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, इसलिए संगठन का मजबूत होना समय की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन पूरी तरह संकल्पित है और व्यापारियों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, प्रदेश मंत्री (महिला) मंजू लता द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री मुमताज राईन तथा युवा जिला उपाध्यक्ष शेख नबाब सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# डायट में सामाजिक विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण समाप्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित हुआ। जिसमें जनपद के माध्यमिक स्तर के सामाजिक विषय शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डायट आरती गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों से सशक्त बनाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों की अकादमिक गुणवत्ता एवं कार्यकुशलता को निरंतर सु.ढ़ करते हैं। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, कक्षा—कक्ष में प्रभावी प्रस्तुतीकरण, पाठ्यवस्तु की सरल एवं रुचिकर व्याख्या, छात्र—केंद्रित शिक्षण पद्धतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण प्रदान करने में अशोक कुमार शर्मा, भागवत शरण एवं कुलदीप कुमार सहायक अध्यापक और कौशल कुमार अंकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन में विनय कुमार मिश्र सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी ने प्रशिक्षण की प्रक्रिया एवं सत्रों का संचालन कराते हुए सभी शिक्षकों से समस्या में समाधान की तलाश करते हुए अपने दायित्वों के निर्वाहन को अबाध रूप से जारी रखने का सुझाव दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रशिक्षण का समापन किया गया। शिक्षकों ने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से प्रशिक्षण का फीडबैक प्रदान किया।



# बैंकों व वित्तीय संस्थानों का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण

## - सीसीटीवी, अलार्म सिस्टम व सुरक्षा व्यवस्थाओं की हुई जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने—अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत बैंक परिसरों के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया, जिससे किसी भी संभावित आपराधिक घटना की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों को चेक किया गया। अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा सभी सुरक्षा उपकरण हमेशा सक्रिय अवस्था में रखें जाएं, ताकि आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो सके। पुलिस टीम द्वारा बैंक कर्मचारियों और आमजन को भी जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनसहयोग से ही अपराध की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है और बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा को और मजबूत बनाया जा सकता है।



# जनता की मांग पर शरद बाजपेयी ने शुरू कराया सीसी सड़क निर्माण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शरद बाजपेयी ने जनता की मांग पर सीसी निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। 20—22 दिन से खुदी पड़ी सड़क के जल्द निर्माण कराने हेतु शरद बाजपेयी ने ईओ, अध्यक्ष के साथ साथ डीएम इटावा को भी प्रार्थना पत्र दिया था, पहले यह सड़क नई व पुरानी ईटों से इंटरलाकिंग की जा रही थी शरद बाजपेयी ने इसका विरोध कर नई ईंटों से निर्माण कार्य कराने को कहा, तब नगर पालिका ने काम रोक दिया, जनता की परेशानी को देखते हुए शरद बाजपेयी ने सड़क का शीघ्र निर्माण कराने को कहा, जनता ने शरद बाजपेयी से सड़क को सीसी से निर्माण कराने को कहा जिस पर शरद बाजपेयी ने ईओ व अध्यक्ष से बात की और रुकी पड़ी सड़क का तीन दिन के अंदर कार्य शुरू करने का अल्टिमेटम नगर पालिका को दिया कि तीन दिन में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो वे बड़े आंदोलन के साथ अनशन पर बैठेंगे। तब यह कार्य प्रारंभ किया गया। जनता भी शरद बाजपेयी की प्रशंसा करते हुए उन्हें ध न्यवाद दे रही है। शरद बाजपेयी ने कहा कि मेरे लिए सदैव जनता की सेवा एवं इटावा का विकास ही सर्वोपरि है और हमेशा रहेगा और मैं सदैव जनता की मंशा के अनुरूप ही कार्य करता हूं उन्होंने सीसी निर्माण की मांग की थी तो सीसी निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया है, आज सड़क निर्माण कार्य से जनता बहुत खुश है।

# आज आएंगे डिप्टी सीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केषव प्रसाद मौर्य के निजी सचिव की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार डिप्टी सीएम कल (आज) जनपद दौरे पर आएंगे। हेलीकाप्टर के जरिए 12.35 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचेगे। तत्पष्चात 12.45 बजे कार द्वारा वीआईपी रोड स्थित होटल रामाडियन पहुंचेंगे। जहां केन्द्रीय बजट पर पत्रकारों से बातचीत करेंगे। इसके पष्चात डाक बंगले में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करके स्थलीय निरीक्षण व स्थानीय योजना के अनुसार अन्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद कार द्वारा भाजपा कार्यालय पहुंचेगे। जहां पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव भी भाग लेंगे। कार द्वारा 2.25 पर पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचेगे और लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# आयोग की सदस्य ने की महिला जनसुनवाई

## - शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में दूर दराज से आई महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 12 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त शिकायतों को संबंधितों को अग्रसरित करते हुए कहा कि शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर ससमय संवेदनशीलता के साथ निस्तारण कराएं। इसके पश्चात पिछली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को विधिक संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाये। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, प्रोबेशन कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0 : 74-डब्लू-सीएसपी-25-26-05 ,06

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/कंक्रीट स्लीपर प्लान्ट, उमरे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई-निविदा खुलने की निर्धारित तिथि के 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं0 : 74-W-CSP-25-26-05** | **अनुमानित मूल्य (रू) : 29.14 लाख** |
| **कार्यों का विवरण :** सीएसपी/एसएफजी/पीआरवाईजे को 10 मिमी नाममात्र आकार के ग्रेनाइट पत्थर के मोटे एग्रीगेट की आपूर्ति। | |
| **बयाने की रकम (रू.) : 58300.00** | **कार्य समापन की अवधि : 12 महीना** |
| **निविदा खुलने की तिथि : 27.02.2026** | |
| **निविदा नं0 : 74-W-CSP-25-26-06** | **अनुमानित मूल्य (रू) : 19.25 लाख** |
| **कार्यों का विवरण :** सीएसपी/एसएफजी/पीआरवाईजे को महीन एग्रीगेट (नदी की मोटी रेत) की आपूर्ति। | |
| **बयाने की रकम (रू.) : 38500.00** | **कार्य समापन की अवधि : 12 महीना** |
| **निविदा खुलने की तिथि : 27.02.2026** | |

**नोट : 1.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया जायेगा एवं खुलने की तिथि को **15:00 बजे** तक उपलब्ध रहेगा। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **C.C.A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें पेज पर प्रविष्ट एवं डिजिटली हस्ताक्षरित विचारणीय होगा। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फर्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदा कर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। निविदाकर्ता को **IREPS Module** पर **Annexure-V** ऑनलाईन प्रस्तुत करना आवश्यक है। **5.** विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किये गये निविदा प्रपत्रों के देखें। **6.** बायाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेटवे ई-भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **7.** किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। **8.** ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि को **15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है, तथा उसी दिन **15:00 बजे** के बाद खोली जायेगी। **9.** माल और/. सेवाओं के आपूर्तिकर्ता समय-समय पर लागू जी.एस.टी अधिनियम और नियमों के अधीन होंगे। **10.** रेलवे के पास, किसी भी टेण्डर को बिना कोई कारण बताए संशोधित/स्थगित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। **11.** निविदाकर्ता को निविदा खुलने से पहले (सम्मिलित) अपलोड किए जाने वाले एनआईटी/निविदा दस्तावेज के शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के लिए वेबसाइट पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि इसके लिए कोई अलग सूचना नहीं दी जाएगी। **231/26 (C)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा (प्रवीन कुमार गुप्ता) जन्म दिनाकं 04.01.1980 को घर पर हुआ था। माता का नाम संतोष कुमारी है। अज्ञानतावश प्रवीन कुमार गुप्ता का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। प्रवीन कुमार गुप्ता के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रवीन कुमार गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता निवासी अशोक नगर शहर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट सं. L1678390 में मेरे नाम की स्पेलिंग KHURSHAID AHMED KHAN अंकित हो गया है, जबकि मेरी सही स्पेलिंग KHURSHEED AHMAD है। जिसे संशोधित रूप में लिखा पढ़ा व समझा जाये ।

KHURSHEED AHMAD S/O BASHARAT HUSSAIN KHAN R/O 606-A LIG AWAS VIKAS FATEHPUR ( U.P.)- 212601

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 महिलाओ के विरूद्ध

अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर

वाद सं0 – 292 सन–2024

शबाना बानो बनाम मोहम्मद दानिश आदि

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 थाना कोतवाली जनपद–फतेहपुर

हरगाह वंदना त्रिपाठी ने आपके नाम नालिश अदालत में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 02 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 महिलाओ के वि0

अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

वाद सं0 – 292

सन् 2019 ई०

संतोष कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र रामसवरूप निवासी ग्राम व पोस्ट पुरवा मीर तहशील नरवल जिला कानपूर

बनाम

मंजुला सिंह उम्र 35 वर्ष पत्नी जीतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बसावनपुर पोस्ट सादीपुर परगना व तहसील बिन्दकी फतेहपुर

......प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 03 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के समीप एनएच 2 में हाइवे किनारे खड़े ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ जनपद के थाना पट्टी गांव नन्दईपुर गांव निवासी स्व0 रामकुमार का पुत्र दिनेश सिंह ट्रक चालक था। बताते है कि बनारस से भाड़ा छोड़कर अपने गांव गया। रात को ही घर से ट्रक लेकर निकल गया। हसवा के समीप एनएच 2 में स्थित ढाबा के सामने ट्रक को खडा कर ढाबा मालिक से सुबह उठाने की बात कर ट्रक में सो गया। सुबह चालक मृत अवस्था में मिला। तभी सूचना पार मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का चचेरा भाई कंचन सिंह ने दी है।

# 25 हजार के इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

## - हुसैनगंज, इटेलीजेंस विंग व एसओजी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शातिर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुसैनगंज थाना पुलिस, इंटेलीजेंस विंग व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर पच्चीस हजार के इनामिया गैंगस्टर अंतर्राज्यीय षातिर चोर को दबोच लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।



हुसैनगंज थाना पुलिस, इंटेलीजेंस विंग व एसओजी की संयुक्त टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गष्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर सदर कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0 415/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित पच्चीस हजार रूपए के इनामिया अंतर्राज्यीय षातिर चोर अभिजीत उर्फ अपजीत पाण्डेय पुत्र सोमनाथ पाण्डेय मूल निवासी ग्राम रमसाहीपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा जनपद कौषांबी हाल पता प्लाट नं0 124 सागर कालोनी राजनगर बथोड़ा नन्दन वन थाना नन्दनवन जिला नागपुर प्रान्त महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में हुसैनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल फूलचन्द्र, कांस्टेबल सुमित यादव, एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव, हेड कांस्टेबल षैलेन्द्र कुषवाहा, कांस्टेबल अभिमन्यु सिंह, अमन सिंह, बृजेष कुमार पाल, राहुल कुमार, इंटेलीजेंस विंग प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद मिश्रा, हेड कांस्टेबल मनोज मौर्या, पंकज दुबे, कांस्टेबल पवन कुमार, जय प्रकाश, राम सिंह, विकास, हरीष शामिल रहे।

# आदर्श अधिवक्ता संगठन महामंत्री पद के उम्मीदवार बने पीयूष पाण्डेय

## - चयन समिति ने लगाई मुहर, अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के सिविल बार हॉल में बुधवार को आदर्श अधिवक्ता चयन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी वर्ष 2026 के बार एसोसिएशन चुनाव हेतु ब्राह्मण समाज की ओर से एकजुटता प्रदर्शित करते हुए योग्य उम्मीदवार का चयन करना था। बैठक में चयन समिति के अध्यक्ष प्रेम कुमार पांडेय और वर्तमान जिला बार अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे एडवोकेट की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। विचार–विमर्श के बाद आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से पीयूष पांडेय एडवोकेट के नाम पर मुहर लगाई गई। पीयूष पांडेय को वर्ष 2026 के चुनाव में महामंत्री पद हेतु ब्राह्मण समाज का आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया गया है। इस घोषणा में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। समाज के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने विष्वास जताया कि पीयूष पांडेय एडवोकेट अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और बार की गरिमा को बढ़ाने में सक्षम सिद्ध होंगे। समर्थन देने वालों में प्रमुख रूप से रमाकांत बाजपेई एडवोकेट एवं महेश द्विवेदी एडवोकेट, लक्ष्मण प्रसाद त्रिपाठी व सुरेश नारायण अवस्थी, अभिलाष चंद त्रिवेदी एवं संकटा प्रसाद शुक्ला, शिव मिलन तिवारी, संतोष त्रिपाठी, अमरेश दुबे और राम गोपाल शुक्ला बैठक के अंत में वक्ताओं ने आगामी चुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त करने की रणनीति पर भी चर्चा की। इस दौरान भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।




## प्रयागराज-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 04101/04102 प्रयागराज-लोकमान्य ति. टर्मि. सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04101 | | | गाड़ी संख्या - 04102 | |
|---|---|---|---|---|
| प्रयागराज - लोकमान्य तिलक टर्मिनस | | | लोकमान्य तिलक टर्मिनस - प्रयागराज | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 18:00 | प्रयागराज | 17:00 | ..... |
| 20:08 | 20:10 | मानिकपुर | 14:38 | 14:40 |
| 21:05 | 21:10 | सतना | 12:25 | 12:30 |
| 22:20 | 22:22 | कटनी | 11:00 | 11:02 |
| 23:30 | 23:40 | जबलपुर | 09:35 | 09:45 |
| 03:25 | 03:35 | इटारसी | 06:15 | 06:25 |
| 07:50 | 07:55 | भुसावल | 00:50 | 00:55 |
| 10:50 | 10:53 | नाशिक रोड | 21:12 | 21:15 |
| 11:55 | 12:00 | इगतपुरी | 20:30 | 20:35 |
| 13:35 | 13:38 | कल्याण | 17:40 | 17:43 |
| 14:55 | ..... | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | ..... | 16:55 |

• **प्रयागराज से** गाड़ी संख्या 04101, प्रत्येक सोमवार, **दिनांक :** 16.02.2026 से 13.07.2026 • **लोकमान्य तिलक टर्मिनस से** गाड़ी संख्या 04102, प्रत्येक मंगलवार, **दिनांक :** 17.02.2026 से 14.07.2026

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 08, स्लीपर श्रेणी : 09, वातानुकुलित तृतीय श्रेणी : 04, वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी : 01

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 259/26(AS)


# बालश्रम उन्मूलन मुक्त प्रदेश के सपने को साकार करना उद्देश्य : सीडीओ

## - सीडीओ ने बालश्रम प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बालश्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन हेतु एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन श्रम विभाग एवं एसोसिएशन फॉर वालेंटियरी एक्शन के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला की शुरुआत सीडीओ की अनुमति से सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने कार्यशाला की रूप–रेखा एवं विषय की संक्षेप में चर्चा करते हुए की। सीडीओ ने बालश्रम न कराये जाने के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होने व्यापार एवं भट्ठा एसोसिएशन समेत अन्य गणमान्यों से अपील किया कि बालश्रम होने के विभिन्न कारणों में से एक आर्थिक कारण भी है, जिसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में संचालित योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन



योजना एवं अटल आवासीय विद्यालय योजना से जोड़े जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करें ताकि बालश्रम उन्मूलन मुक्त प्रदेश के सपने को साकार किया जा सके। उनके द्वारा जनपद को बालश्रम मुक्त बनाये जाने हेतु शपथ भी कराई। कार्यशाला में श्रम आयुक्त मुख्यालय कानपुर की ओर से सैय्यद रिजवान अली, स्टेट कोऑर्डिनेटर द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी गणमान्य व अधिकारियों को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथासंशोधित, 2016 के प्राविधानों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। कहा कि 14 वर्ष तक के बच्चों को कार्य पर रखा जाना अधिनियम के अनुसार पूरी तरह से विधि विरुद्ध है। 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के किशोर श्रमिकों से केवल गैर खतरनाक प्रक्रिया में कार्य अधिनियम में विहित शर्तों 06 घंटे से अधिक कार्य नहीं लेना है, एक साथ 03 घंटे से अधिक कार्य नहीं लेना है। इसकी सूचना श्रम अधिकारी को देनी होगी। कार्यशाला में बालश्रम उन्मूलन हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी की गई। कार्यशाला का समापन सहायक श्रमायुक्त ने सभी उपस्थित अधिकारियों व गणमान्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जनपद को बालश्रम मुक्त किये जाने का प्रण लिया। कार्यशाला में श्रम विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यक्ष एवं सदस्य, बाल एवं कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन के सदस्य, एएचटी थाना व अन्य अधिकारीगण, व्यापार मंडल एवं भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री अपने सदस्यों सहित उपस्थित हुए।

# मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर का उठाएं लाभ : गांगुली

## - 06, 10 व 13 फरवरी को लगेंगे प्री कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी बाइस फरवरी को जनपद में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय के सभागार में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व एफटीसी (सीएडब्लू) अशोक कुमार–12, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पलाश गांगुली की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि मेगा शिविर के आयोजन के पहले जनपद के विभिन्न स्थलों तहसील सदर, कलेक्ट्रेट, तहसील बिन्दकी एंव तहसील खागा में 06 फरवरी, 10 फरवरी, 13 फरवरी को प्री–कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्देश्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं यथा निर्बल वर्ग, दिव्यांग, बच्चे, स्त्री, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति का चिन्हीकरण एंव पंजीकरण है। 22 फरवरी को



मेगा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रत्येक पंजी.त लाभार्थी को उन योजनाओं का लाभ वितरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त लोगों का आहवान किया कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्री–कैम्प में अपना पंजीकरण करवाएं एवं मेगा शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इस मौके पर संबंधितगण उपस्थित रहे।

# रिंकू लोहारी ने मुंह मीठा कराकर नेत्र रोगियों को किया रवाना

## - कानपुर के जवाहरलाल नेहरू रोहतगी चिकित्सालय में होगा आपरेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लगातार क्षेत्र में गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं मंडल प्रभारी अजय सिंह रिंकू लोहारी ने ग्राम सभा मवई में सत्यम साहू के आवास पर आयोजित नेत्र कैंप में मवई ग्राम प्रधान पिंटू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कैंप में पाठकपुर, गणेशपुर गांव के दो दर्जन बुजुर्गों को चिकित्सा के उपरांत उनकी आंखों में लेंस, ऑपरेशन हेतु जवाहरलाल नेहरू रोहतगी चिकित्सालय कानपुर रवाना किया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. रोहित पाल व उनके सहयोगी सत्यम साहू, पिंटू सिंह आदि प्रमुख रूप से रहे। रिंकू लोहारी ने बताया कि उनके क्षेत्र में लगातार नेट चिकित्सा कैंप आयोजित हो रहे हैं। जब तक उनके क्षेत्र के प्रत्येक गांव के बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों की कमजोर आंखों में रोशनी नहीं आ जाती। उनका यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उत्तर प्रदेश सरकार की लाभकारी



योजना पूर्ण रूप से निःशुल्क है जिसमें आना–जाना खाना पीना व ऑपरेशन चश्मा पूर्ण रूप से निःशुल्क है। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने बताया कि सर्वप्रथम गांव में सूचना के माध्यम से सभी बुजुर्गों को एकत्रित करने के उपरांत डॉक्टरों द्वारा परीक्षण किया जाता है। जिन लोगों के आंख में मोतियाबिंद व अन्य बीमारी होती है। उन्हें तत्काल चिन्हित कर चिकित्सालय ले जाकर निःशुल्क उनका पूर्ण रूप से निदान किया जाता है। श्री लोहारी ने बताया कि उनका यह अभियान क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आयोजित होगा।

# मदर सुहाग एजुकेशन सेंटर में 126 छात्रों को मिली साइकिलें

## - बच्चों की मुस्कान ही हमारी असली उपलब्धि : मोहित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मदर सुहाग एजुकेशन सेंटर में बुधवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के 126 मेधावी छात्र–छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी राह आसान बनाना है। प्रबंधक मोहित सिंह चंदेल ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों की खुशहाली और उनकी प्रगति के मार्ग को सुगम बनाना है। इन बच्चों की मुस्कान ही हमारी असली उपलब्धि है।



प्रधानाचार्य डीके श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से न केवल छात्राओं की दैनिक यात्रा सुगम होगी, बल्कि इससे उनके आत्मविश्वास और स्वावलंबन को भी बल मिलेगा। अब वे बिना किसी बाधा के समय पर विद्यालय पहुँच सकेंगी। इस गरिमामयी अवसर पर शैलेश सिंह, अतुल तिवारी, विनय तिवारी, अमन वर्मा और अनिल अग्रहरि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालयों में चलाया कैंसर बचाव जागरुकता अभियान

## - कैंसर मरीजों के सहायता की दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने विष्व कैंसर दिवस पर कैंसर बचाव व जागरूकता अभियान साई सिटी इंटर कॉलेज जयरामनगर, सेंट जेवियर्स हाईस्कूल व महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चलाया। डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को बताया कि स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग इत्यादि तथा नशा, तम्बाकू व कैंसरकारी उत्पादों से दूर रहकर हम कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बच सकते हैं। साथ ही सभी बच्चों को कैंसर से लड़ रहे मरीजों, बचे हुए लोगों व उनके परिवारों को हरसम्भव भावनात्मक और सामाजिक सहायता प्रदान करने के




लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन सिंह गौर, प्रियंका गुप्ता, प्रमोद कुमार त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक एवं प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के कुशुम्भी गांव निवासी राम. पाल का 35 वर्षीय पुत्र सुनील बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह सदर कोतवाली क्षेत्र के डाक बंगले के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के नगरा गांव निवासी रामकुमार का 40 वर्षीय पुत्र महेश बाइक से गेहू पिसवाने जा रहा था। तभी गांव के बाहर कुत्ते से टकराकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पूर्व सैनिक अस्पताल के सामने बजबजा रही नालियां

## - समस्या निस्तारण न होने पर पूर्व सैनिक करेंगे आंदोलन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। पूर्व सैनिकों के अस्पताल के सामने बजबजाती नालियों के बहते पानी से बुजुर्ग पूर्व सैनिक और महिलाएं गिरकर चुटहिल हो रही है। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी को सूचना मिली कि एक पूर्व सैनिक की पत्नी मोटरसाइकिल कीचड़ में स्लिप होने के कारण गिर गई और उनकी हाथ की हड्डी टूट गई। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी व महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने तत्काल उस महिला को एंबुलेंस से रीजेंसी अस्पताल कानपुर भेजा और अध्यक्ष श्री तिवारी ने नगर पालिका परिशद के अधिषाशी अधिकारी से दूरभाष पर इसकी शिकायत की। कहा कि यदि समस्या का निदान नहीं हुआ तो पूर्व सैनिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नगर पालिका से इंजीनियर राहुल और उनकी टीम में सफाई इंस्पेक्टर श्रवण कुमार व अन्य लोगों ने पूर्व सैनिकों को आष्वासन दिया कि यहां पर नाली की सफाई नहीं हुई है जिससे दो से ढाई फीट सिल्ट जमा हो गया है उसको एक हते के अंदर साफ करवा कर नाली की मरम्मत करवा दी जाएगी। आष्वासन पर पूर्व सैनिक शांत हो गए। मौके पर पहुंचे ऑफिसर इंचार्ज करनल विभय मान सिंह ने बताया कि वह इस नाली की शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अभियंता नगर पालिका से सितंबर 2025 से कर रहे हैं और इसका स्थाई समाधान नहीं निकल रहा है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि यदि 12 फरवरी तक कार्य पूरा नहीं किया गया तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

# वनकर्मियों को चकमा देकर फरार हुआ कछुआ तस्कर

## - विभागीय लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिले में कछुआ तस्करी के बड़े मामले में वन विभाग की भारी लापरवाही सामने आई। रेलवे स्टेशन पर 148 जीवित कछुओं के साथ पकड़े गए दो तस्करों में से एक मुख्य अभियुक्त वन कर्मियों की हिरासत से फरार हो गया। यह घटना बुधवार सुबह उस समय हुई, जब आरपीएफ और जीआरपी द्वारा पकड़े गए आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द किया गया था। बताया जा रहा है कि गिरतार तस्कर उमेश कंजड़ निवासी महेसुवा थाना हनुमानगंज जिला सुल्तानपुर को वन विभाग की टीम अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान आरोपी ने टीम को चकमा दिया और मौके से फरार हो गया। फरारी की सूचना मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि एक दिन पहले आरपीएफ और जीआरपी ने फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान करीब 40 लाख रुपये कीमत के 148 कछुए बरामद किए थे। जिन्हें पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। दोनों तस्करों को मौके पर गिरतार कर वन विभाग के हवाले किया गया था लेकिन विभागीय ढिलाई के चलते मुख्य अभियुक्त फरार होने में सफल हो गया। मामले पर डीएफओ जेडी मिश्रा ने पुष्टि करते हुए बताया कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है और वन विभाग की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। साथ ही पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। डीएफओ ने यह भी स्वीकार किया कि प्रारंभिक जांच में एक वनकर्मी की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, जिसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होने यह भी बताया कि गिरतारी की सूचना पर फरार तस्कर के परिजन यहां आ गए हैं। जल्द ही उसे गिरतार कर लिया जाएगा।

# परिषद के लिए गौरव, नई पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा : अक्षय

## - जल संरक्षण केवल विचार नहीं, सामाजिक दायित्व : प्रवीण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। जल–पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पुस्तक जलनिधियों को जीने दो के लेखक, प्रसिद्ध जल–पर्यावरण लेखक एवं पर्यावरण पहरूवा प्रवीण पांडेय को राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की द्वारा संचालित तकनीकी पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार 26 जनवरी को प्रदान किया गया। पुस्तक का प्रकाशन प्रवासी प्रेम पब्लिशिंग द्वारा किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ज्येष्ठ कार्यकर्ता रहे प्रवीण पांडेय को राष्ट्रीय स्तर का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर परिषद परिवार में हर्ष एवं गौरव का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर परिषद के विभाग संयोजक अक्षय त्रिपाठी ने अक्षय डिजिटल लाइब्रेरी में विद्यार्थियों द्वारा माला पहनाकर पुष्पवर्षा कर अपने ज्येष्ठ कार्यकर्ता का भव्य अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि यह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिए गर्व का विषय है कि परिषद का एक ज्येष्ठ कार्यकर्ता आज अपने शोध, लेखन और वैचारिक प्रतिबद्धता के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुआ है। उन्होंने कहा कि श्री पांडेय की यह उपलब्धि परिषद की नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और युवाओं को समाज, जल एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की दिशा में मार्गदर्शन देगी। अभिनंदन के उपरांत प्रवीण पांडेय पर्यावरण पहरूवा ने परिषद के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जलनिधियों का संरक्षण केवल लेखन या विमर्श का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया और जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। परिषद के कार्यकर्ता रूप अक्षत राहुल, राजकुमार, उदय, रवि सिंह, शुभम पटेल, आयुष, पंकज समेत अन्य उपस्थित रहे।

# युवती ने खाया जहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम चकमुगल में बुधवार की सुबह परिवारिक कलह से तंग आकर 28 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चक मुगल गांव निवासी मो0 अख्तर उर्फ गुड्डू की पत्नी रेहाना बानो ने बुधवार की सुबह परिवारिक कलह से तंग आकर जहर खा लिया। कुछ समय बाद उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है। घटना की जानकारी जिला अस्पताल में इलाज करा रहे रहे भाई साजिद अली ने बताया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )